सोमवार, 3 फरवरी 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 30 – 18 |
| आर्द्रता | 64% |
| सूर्योदय: 6:16 | सूर्यास्त: 17:26 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, माघ शुक्लपक्ष पंचमी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

सुविचार : महानता कभी ना गिरने में नहीं है, बल्कि हर बार गिरकर उठ जाने में है।




अभिषेक के रिकॉर्ड शतक से भारत ने इंग्लैंड को 150 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीती -पृष्ठ 8

# लोगों की ओर से, लोगों के लिए है यह बजट: सीतारमण

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अब्राहम लिंकन का उद्धरण देते हुए केंद्रीय बजट 2025-26 को 'लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों का' बजट बताते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मध्यम वर्ग के लिए करों में कटौती के पक्ष में थे लेकिन नौकरशाहों को इसके लिए राजी करने में वक्त लगा। सीतारमण ने पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा, ''हमने मध्यम वर्ग की आवाज सुनी है जो ईमानदार करदाता होने के बावजूद अपनी आकांक्षाओं को पूरा नहीं किए जाने की शिकायत कर रहे थे।'' करदाताओं की इच्छा थी कि सरकार मुद्रास्फीति जैसे कारकों के प्रभाव को सीमित करने के लिए कदम उठाए। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने सीतारमण को उन्हें राहत देने के तरीकों पर विचार करने के लिए कहा था। सीतारमण ने कहा कि कर राहत के प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री जल्द सहमत हो गए, लेकिन वित्त मंत्रालय और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारियों को इसके लिए मनाने में थोड़ा समय लगा। इन अधिकारियों को कल्याण और अन्य योजनाओं को पूरा करने के लिए राजस्व संग्रह सुनिश्चित करना होता है। सीतारमण ने शनिवार को अपना आठवां बजट पेश करते हुए व्यक्तिगत आयकर सीमा में वृद्धि की घोषणा की। अब करदाताओं को नई कर व्यवस्था के तहत 12 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं देना होगा जबकि पहले यह सीमा सात लाख रुपये थी। छूट सीमा में पांच लाख रुपये की बढ़ोतरी अबतक की सबसे बड़ी वृद्धि है और यह 2005 और 2023 के बीच दी गई सभी कर राहतों के बराबर है। सीतारमण ने कहा, ''मुझे लगता है कि प्रधानमंत्री ने इसे सार रूप में बयां कर दिया। उन्होंने कहा कि यह लोगों का बजट है, यह वह बजट है जिसे लोग चाहते थे।'' इस बजट के चरित्र को अपने शब्दों में बयां करने के लिए कहे जाने पर वित्त मंत्री ने कहा, ''जैसा कि अब्राहम लिंकन के शब्दों में लोकतंत्र के बारे में कहा जाता है, यह 'लोगों के द्वारा, लोगों के लिए, लोगों का' बजट है।'' सीतारमण ने कहा कि नई दरें मध्यम वर्ग के करों में काफी कमी लाएंगी और उनके हाथों में अधिक पैसा बचेगा जिससे घरेलू खपत, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि कर के दायरे को बढ़ाने का प्रयास जारी है और भुगतान कर पाने की क्षमता वाले अधिक से अधिक भारतीयों को इस दायरे में लाने की कोशिश की जा रही है। भारत में फिलहाल करीब 8.65 करोड़ आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल किए जाते हैं। रिटर्न दाखिल न करने वाले लेकिन टीडीएस देनदारी वाले लोगों को जोड़ने के बाद यह संख्या बढ़कर 10 करोड़ से अधिक हो जाती है। उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि अभी दायरे से बाहर मौजूद तमाम लोगों को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए। जो कभी करदाता नहीं रहे या जो अब आय के उस स्तर पर पहुंच गए हैं, या जो कर से बचते रहे हैं, उन सबको इसमें लाया जाना चाहिए।''



## देश की आर्थिक बुनियाद मजबूत, डॉलर को छोड़कर अन्य मुद्राओं की तुलना में रुपया स्थिर

नयी दिल्ली : वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय रुपये की विनिमय दर में गिरावट को लेकर जारी आलोचना को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि यह केवल मजबूत हो रहे डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ है, जबकि मजबूत आर्थिक बुनियाद के कारण अन्य सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर बना हुआ है। सीतारमण ने आम बजट पेश करने के एक दिन बाद पीटीआई-भाषा के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा कि पिछले कुछ महीनों में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में तीन प्रतिशत की गिरावट चिंता का विषय है क्योंकि इससे आयात महंगा हो गया है, लेकिन यह सही नहीं है कि इसकी विनिमय दर में चौतरफा गिरावट आई है। उन्होंने कहा, ''मैं रुपये की विनिमय दर में गिरावट से चिंतित हूं लेकिन मैं इस आलोचना को स्वीकार नहीं करूंगी कि ओह रुपया कमजोर हो रहा है! हमारी वृहद आर्थिक बुनियाद मजबूत है। अगर बुनियाद कमजोर होती, तो रुपया सभी मुद्राओं के मुकाबले स्थिर नहीं होता।''

## देश राजकोषीय मजबूती के साथ कर्ज कटौती के लक्ष्य की राह पर

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि भारत राजकोषीय मजबूती के रास्ते पर आगे बढ़ने के साथ कर्ज में कटौती के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने इस बात को तवज्जो नहीं दी कि मूडीज जैसी एजेंसियों ने इन सबके बावजूद भारत की साख को नहीं बढ़ाया है। सीतारमण ने वित्त वर्ष 2025-26 के अपने बजट में राजकोषीय सूझबूझ के साथ आर्थिक वृद्धि को गति देने के बीच बेहतर संतुलन साधा है। उन्होंने न केवल मध्यम वर्ग को बड़ी कर राहत दी है, बल्कि अगले साल राजकोषीय घाटे को कम करने तथा 2031 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के प्रतिशत रूप में कर्ज में कमी लाने का खाका भी पेश किया। उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक चुनौतियों, आपूर्ति व्यवस्था के स्तर पर समस्याओं और दुनिया में संघर्षों के बीच अर्थव्यवस्था की वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए महामारी के दौरान अधिक कर्ज लेना पड़ा। सीतारमण ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा, ''इन सबके बावजूद हमने प्रतिबद्धता दिखाई है और राजकोषीय घाटे के संबंध में हम अपनी कही बातों का पालन कर रहे हैं। एक भी साल ऐसा नहीं है, जब हम अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हों।''

# कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स में मैनहोल साफ करते वक्त नाले में गिरने से तीन मजदूरों की मौत

### एक घंटे की तलाशी के बाद तीनों के शवों को निकाला गया बाहर

- सरकार ने घटना की जांच के दिए आदेश, स्वजनों को 10 लाख की आर्थिक सहायता की घोषणा



कोलकाता, समाज्ञा : दक्षिण 24 परगना जिले के बानतला इलाके में स्थित लेदर कॉम्प्लेक्स (केएलसी) में रविवार को मैनहोल साफ करते समय नाले में गिर जाने के चलते तीन ठेका मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कोलकाता लेदर कॉम्प्लेक्स में चमड़ा इकाइयों के अपशिष्ट से भरे मैनहोल को साफ करते समय यह हादसा हुआ। पहले एक मजदूर फिसल कर 20 फुट नीचे गिर गया। इसके बाद, दो अन्य मजदूरों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन वे भी अंदर गिर गए। सूचना के बाद पहुंचे आपदा प्रबंधन बल और दमकल विभाग के कर्मचारियों ने एक घंटे की तलाश के बाद तीनों के शवों को बाहर निकाला। तीनों मृतकों की पहचान फरजान शेख, हसी शेख और सुमन सरदार के रूप में हुई है। ये तीनों श्रमिक मुर्शिदाबाद जिले के निवासी थे। यह पता नहीं चल पाया है कि तीनों ने मैनहोल कवर के नीचे काम करने के लिए जाते समय मास्क पहना था या नहीं। कोलकाता के मेयर व शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने घटनास्थल का दौरा किया और इन मौतों को दुर्भाग्यपूर्ण और दुखद बताया। उन्होंने घटना की जांच के आदेश देते हुए कहा कि राज्य सरकार जिम्मेदार लोगों का पता लगाने के लिए जांच करेगी। उन्होंने मृतकों के स्वजनों को राज्य सरकार की तरफ से 10- 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की भी घोषणा की।

**यूपी की तरह बंगाल सरकार नहीं है : फिरहाद हकीम**

हकीम ने कहा कि हम इस बात की जांच करेंगे कि सफाई में शामिल एजेंसी और ठेकेदार ने सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन किया या नहीं। हम घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। महाकुंभ में हुए भगदड़ में श्रद्धालुओं की मौत को लेकर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार पर कटाक्ष करते हुए हकीम ने कहा कि यह यूपी नहीं है। हम हमेशा लोगों के साथ खड़े रहते हैं और उन्हें असहाय नहीं छोड़ते।

# भारत ने महिला अंडर-19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता

### फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को चटाई धूल




टीम ने लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब जीत लिया है। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2023 में हुई थी और पहले ही संस्करण में भारतीय टीम ने जीत हासिल की थी। तब टीम इंडिया की कप्तान शेफाली वर्मा रही थीं। अब दो साल बाद टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण में निकी प्रसाद की कप्तानी में भारतीय टीम लगातार दूसरी बार चैंपियन बनी है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की पारी 20 ओवर में 82 रन पर सिमट गई थी। जवाब में टीम इंडिया ने 11.2 ओवर में एक विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत की सीनियर और जूनियर महिला टीमों को मिलाकर 2023 के बाद यह दूसरी बार है जब कोई आईसीसी ट्रॉफी अपने घर आई हो। गोंगाड़ी त्रिशा ने फाइनल में ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने तीन विकेट लेने के अलावा नाबाद 44 रन भी द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी मिला।

**प्रधानमंत्री मोदी ने अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने पर भारतीय महिला टीम को बधाई दी**

नयी दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय महिला अंडर-19 क्रिकेट टीम को आईसीसी टी20 विश्व कप जीतने पर बधाई दी और कहा कि यह जीत बेहतरीन 'टीम वर्क' के साथ-साथ दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है।


**RED-X**
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555


## मुंबई हवाई अड्डे पर 50 करोड़ रु से अधिक मूल्य की 'चरस', सोना, हीरे जब्त, आठ आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई :** छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 50 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 'चरस', सोना और हीरे जब्त किए गए तथा इस संबंध में आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। सीमा शुल्क अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंबई सीमा शुल्क के अनुसार, ये जब्तियां 28 जनवरी से 31 जनवरी के बीच एक विशेष अभियान के दौरान की गईं। अधिकारियों ने 50.116 करोड़ रुपये मूल्य की 50.11 किलोग्राम 'चरस', 93.8 लाख रुपये मूल्य के हीरे और 1.5 करोड़ रुपये मूल्य का 2.073 किलोग्राम सोना जब्त किया।

# आज अमृत वसंत, पावन स्नान के लिए चहुंओर आस्था, उत्साह और उल्लास, पांच करोड़ लगाएंगे डुबकी

### योगी के सख्त निर्देश के बाद बसंत पंचमी स्नान की तैंयारी पूर्ण



**महाकुंभ नगर :** महाकुंभ के अंतिम अमृत स्नान पर्व बसंत पंचमी पर मेला प्रशासन और पुलिस को शून्य त्रुटि के साथ सकुशल स्नान संपन्न कराने के मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद पुलिस और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है और एडीजी भानु भास्कर स्वयं मेला क्षेत्र में भीड़ नियंत्रण व्यवस्था की देखरेख कर रहे हैं। कुंभ मेला प्रशासन ने सोमवार की शाम तक पांच करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के स्नान करने का अनुमान लगाया है। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है। देर शाम तक लाखों श्रद्धालुओं का रेला संगम समेत गंगा के घाटों पर उमड़ पड़ा। विश्व के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम में पंचमी पर संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखते बन रहा है। गत मंगलवार देर रात संगम नोज पर घटी भगदड़ की घटना के बाद शनिवार को पहली बार प्रयागराज आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था और अस्पताल जाकर घायलों से मिलकर उनका हालचाल जाना था। इस बीच, मुख्यमंत्री ने बसंत पंचमी स्नान के लिए तैयारियों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को शून्य त्रुटि के साथ स्नान संपन्न कराने के निर्देश दिए थे।

**महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने संबंधी याचिका पर न्यायालय आज करेगा सुनवाई**

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय सोमवार को उस याचिका पर सुनवाई करेगा जिसमें महाकुंभ में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश और नियम लागू करने का अनुरोध किया गया है। प्रयागराज में जारी महाकुंभ के दौरान संगम क्षेत्र में 29 जनवरी को भगदड़ मचने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य लोग घायल हो गए थे।


**उचित मूल्य में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की नी-रिप्लेसमेंट सर्जरी**

सलाह दे रहे हैं विख्यात ऑर्थेपेडिक एवं जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन



**DR. SANTOSH KUMAR**
Consultant Orthopaedic & Joint Replacement Surgeon
Head, Institute of Computer Assisted
Joint Replacement Surgery, BELLE VUE CLINIC & WOODLANDS HOSPITAL

हमारे समाज में, विशेषकर व्यस्क व्यक्तियों के चलने-फिरने की समस्या का प्रमुख कारण है नी-आरथ्राइटिस। इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिक स्तर पर औषधियों और फिजियोथेरापी से ठीक करना मुमकिन तो है, पर समस्या जटिल होने पर **घुटने का प्रत्यारोपण या नी-रिप्लेसमेंट** ही एकमात्र निश्चित समाधान है।

मेरे तत्वावधान में नी-रिप्लेसमेंट पद्धति बिल्कुल पूर्वनिर्धारित (प्रेडिक्टेबल) है। सबसे पहले हम हर प्रकार के प्रिऑपरेटिव इन्वेस्टिगेशन करते हैं जैसे कि विभिन्न प्रकार के ब्लड टेस्ट, यूरिन टेस्ट, ईसीजी, इकोकार्डियोग्राफ इत्यादि। मेरे यहाँ रोगियों की सुरक्षा को सबसे अधिक प्राथमिकता दी जाती है। हमारे साथ हैं अनुभवी मेडिसिन चिकित्सक, कार्डियोलॉजिस्ट से सम्मिलित एक पूर्ण समर्पित टीम। सर्जरी के पहले, सर्जरी के दौरान और सर्जरी के बाद भी चिकित्सा से जुड़ी सभी जरूरतों का पूरा ख्या रखना ही हमारी टीम वर्क की सफलता सुनिश्चित करता है।

सम्पूर्ण उपयुक्त (प्रिसिशनल) सर्जरी और इसके बाद रोगी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से मैं कम्प्यूटर एसिस्टेड मिनिमली इनवेसिव सर्जरी करता हूँ। रोगी अपनी सम्पूर्ण चिकित्सा में एक दर्दरहित अनुभव का एहसास कर पाएं, मैं इसका पूरा ख्याल रहता हूँ। सर्जरी के बाद रोगी घुटने को मोड़ पाएं और जमीन पर बैठ पाएं, इसके लिए में 'Rotation Platform High Flexion Knees' का इस्तेमाल करता हूँ। सर्जरी के दूसरे दिन से ही रोगी चल-फिर सकते हैं और तीन दिनों में घर वापस जा सकते हैं। मैं हर श्रेणी और हर प्रकार की बीमा कराए व्यक्तियों की सर्जरी करता हूँ और वे सभी व्यक्ति जो किसी बीमा संस्था के दायरे में नहीं आते हैं, उनकी सर्जरी भी बहुत उचित मूल्य में करता हूँ। किसी रोगी की आर्थिक समस्या के बारे में पता चलने पर, मैं उसकी समस्या का भी समाधान करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहता हूँ।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:
DR. SANTOSH KUMAR KNEE FOUNDATION
*Chamber :* Plot No 332, Laketown Block A, Kolkata-700 089
✆ : 98319 11584 / 98312 66632

e-mail : santdr@gmail.com
www.drsantoshkumarortho.com
www.mykneemylife.org
www.momentumorthocare.com


# इस बार का बजट मध्यम वर्ग के लिए सबसे अनुकूल: प्रधानमंत्री मोदी



**नयी दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने अंतिम चरण में पहुंचने के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि केंद्रीय बजट से हर औसत परिवार को खुशी मिली है। उन्होंने इसे भारत के इतिहास में सबसे अधिक मध्यम वर्ग के अनुकूल बजट करार दिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी के आरके पुरम में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए अपना चुनावी नारा 'मोदी की गारंटी' दोहराया और शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए गए बजट में मध्यम वर्ग के लिए किए गए प्रावधानों का जिक्र किया। उन्होंने कहा, ''भारत की आजादी के बाद से 12 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वालों को इतनी बड़ी राहत कभी नहीं मिली। मध्यम वर्ग कह रहा है कि यह भारत के इतिहास में उनके लिए सबसे अनुकूल बजट है।'' प्रधानमंत्री ने दिल्ली विधानसभा के लिए पांच फरवरी को होने वाले मतदान से ठीक तीन दिन पहले राष्ट्रीय प्रगति में मध्यम वर्ग के योगदान की सराहना की और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ईमानदार करदाताओं का सम्मान करती है तथा बजट राहत इसका संकेत है। दिल्ली में 27 साल से सत्ता से बाहर चल रही भाजपा का अरविंद केजरीवाल नीत आम आदमी पार्टी (आप)से मुकाबला है। भाजपा ने रविवार को 80 चुनावी सभाएं आयोजित करने की योजना बनाई है। भाजपा के चुनाव अभियान की अगुवाई करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों को 'बसंत पंचमी' की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह त्योहार ऋतु परिवर्तन का प्रतीक है और दिल्ली के लोगों ने भी भाजपा सरकार चुनने का मन बना लिया है। उन्होंने अपने एक घंटे के भाषण में कहा, ''बसंत पंचमी से मौसम बदलना शुरू हो जाता है। तीन दिन बाद पांच फरवरी को दिल्ली में विकास का नया 'बसंत' आएगा।





Diamond Jewellery, Solitaires, Hallmarked Gold Jewellery, Polki, Kundan-Jadau and Certified Gemstones with buy-back facility.
INDIAN GEM & JEWELLERY CREATION www.indiangem.com
**9B, Wood Street:** Ground Floor, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89018 **South City Mall:** Ground Floor, 375, Prince Anwar Shah Road, Kolkata 700 068 **M** +91 89810 89029 **City Centre II, Rajarhat :** Block-B, 2nd Floor, Shop No. 201, New Town, Kolkata 700 157 **M** +91 89810 89066 **Howrah:** JP's AC Market (Shri Vindyachal Building), 35, Dr. Abani Dutta Road (Near Howrah AC Market) **M** +91 89810 89027 **Vardaan Market:** 106 Vardaan Market, 1st Floor, 25A, Camac Street, Kolkata 700 016 **M** +91 89810 89003 **Bagnan:** Glorious Shopping Complex, Near CTC Bus Stand, Shop No. 4, 1st Floor, Bagnan, Howrah 711 303 **M** +91 89810 89024 **Durgapur:** Shop No. 205, Dreamplex Mall, 1st Floor, City Centre, Durgapur 713 216 **M** +91 89810 89017 **Serampore:** Agnisha - II, Ground Floor, 30, K M Shah Street, Serampore, Hooghly 712 201 M +91 89810 89014
**Authorised Retailer: Forevermark, Platinum & MMTC Gold & Silver Bars** Toll Free No. **1800 889 1704**

## कनाडाई आयोग की रिपोर्ट भारतीय पक्ष में

अपनी सरकार बचाने के लिये भारत विरोध की हद पार करने वाले कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को करारी शिकस्त मिली है। जिन लोगों को खुश करने के लिये ट्रूडो भारत के खिलाफ बेतुके आरोप गढ़ रहे थे, उन्होंने भी उनका साथ नहीं दिया। उस दल की समर्थन वापसी के बाद उन्होंने पद से इस्तीफा दे दिया है और नये प्रधानमंत्री के चुने जाने तक कार्यवाहक दायित्व निभा रहे हैं। बहरहाल, उन्होंने भारत के साथ रिश्तों को भी इतिहास के सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया था। निज्जर हत्या मामले में विदेशी हाथ के नाम पर भारत पर गंभीर आरोप लगाने के बाद इस बाबत एक जांच आयोग बैठा था। बीते मंगलवार कनाडाई जांच आयोग ने भारत के खिलाफ रचे गए आरोपों को खारिज कर दिया। दरअसल, ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में विदेशी हाथ होने के आरोप लगाकर भारत को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन कनाडाई आयोग ने सारी शंकाओं को दूर कर दिया है। आयोग ने अपनी रपट में साफ किया कि जून 2023 में खालिस्तान समर्थक हरदीप निज्जर की हत्या में विदेशी भूमिका के बाबत कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। जाहिर है, तथ्यों को तोड़मरोड़ कर ट्रूडो ने जिस तरह भारत को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बदनाम करने की साजिश रची थी, उस पर पानी फिर गया है। इस तरह ट्रूडो ने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये समर्थन देने वाले जिस दल को खुश करना चाहा था, उसने भी समर्थन वापस ले लिया। दूसरी ओर भारत के साथ संबंधों को भी उन्होंने सबसे बुरे दौर में पहुंचा दिया। ट्रूडो को लेकर एक बार फिर वही कहावत चरितार्थ हुई है कि 'न खुदा ही मिला न विसाल-ए-सनम, न इधर के हुए न उधर के हुए'। बहरहाल, इस रिपोर्ट के आने बाद आस जगी है कि दोनों देशों के संबंधों में सुधार होगा। उल्लेखनीय है कि ट्रूडो ने न केवल देश के सार्वजनिक मंचों बल्कि अपने देश की संसद में भी आरोप लगाया था कि निज्जर हत्याकांड में भारतीय खुफिया एजेंसियों की भूमिका रही है।

निश्चित रूप से कनाडा की संसद में दिया गया ट्रूडो का यह बयान अपरिपक्व व गैरजिम्मेदार था। आखिर कैसे अंतर्राष्ट्रीय संबंधों की मर्यादाओं का ध्यान रखे बिना किसी देश को कठघरे में खड़ा किया जा सकता है? कैसे ट्रूडो ने बिना जांच-पड़ताल के ही दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को दोषी घोषित करने के नापाक मंसूबे पाल लिए? भारत ने कई बार ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे, जो भारत को कभी उपलब्ध ही नहीं कराए गए। इस तरह भारत के पक्ष पर मोहर लगाकर कनाडाई जांच आयोग ने साबित कर दिया है कि ट्रूडो का भारत विरोध दुराग्रहों से ही प्रेरित था। यही वजह थी कि दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजनयिकों को अपने देशों से निकाला और इससे नागरिकों का मुक्त आवागमन बाधित हुआ है। लेकिन यह भी हकीकत है कि इस गैरजिम्मेदार व्यवहार के कारण कनाडा में उनकी लोकप्रियता का ग्राफ तेजी से नीचे गिरा। कालांतर देश के मिजाज को समझते हुए उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। नये नेता का चुनाव होने तक ही उन्हें इस पद पर रहने का मौका मिलेगा। उल्लेखनीय है कि इस साल कनाडा में आम चुनाव होने वाले हैं। बहरहाल, इस मामले में ट्रूडो के आरोप खारिज होने के बाद भारत के खिलाफ मुहिम चलाने वालों का भी मनोबल जरूर गिरेगा। ऐसे में भारत उन देशों पर आने वाले समय में दबाव बना सकेगा, जो अभिव्यक्ति की आजादी के नाम पर भारत विरोधी गतिविधियों को शह देते हैं। खासकर अमेरिका व ब्रिटेन की सरकारों को इस पहलू पर गंभीरता से विचार करना होगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस साल होने वाले आम चुनावों के बाद कनाडा में जो नई सरकार आएगी, उसके साथ भारत के बेहतर संबंध स्थापित हो पाएंगे। निश्चय ही नयी सरकार अतीत की गलतियों से सबक लेकर रिश्तों को सामान्य बनाने की दिशा में गंभीर पहल करेगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि ट्रूडो के शासनकाल में सबसे निचले स्तर तक पहुंचे भारत-कनाडाई रिश्तों में नई सरकार आने के बाद उम्मीदों के अनुरूप गर्मजोशी लौटेगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 3 फरवरी, सोमवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, माघ शुक्लपक्ष पंचमी, 06:53 तक, नक्षत्र : रेवती, 05:36 तक, योग : साध्य, 26:56 तक, सूर्योदय: 6:15, सूर्यास्त: 17:26 चन्द्रोदय : 09:26, चन्द्रास्त: 22:22, शक सम्वत: 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मकर, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 07:41 से 09:04

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में उन्नति के योग हैं। तरक्की मिल सकती है और मन प्रसन्न रहेगा। पुराने दोस्त मददगार साबित होंगे। कारोबार में नए रास्ते खुलेंगे।

**वृष :** वृषभ राशि वालों को करियर में लाभ होगा। सुख-समृद्धि बढ़ेगी। लेकिन, जायदाद के मामले में नुकसान हो सकता है। भौतिक सुखों के लिए संघर्ष करना पड़ सकता है।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए करियर में लाभ के योग हैं। नई योजनाएं बनाएंगे। कर्ज उतारने में सफल होंगे। संतान से खुशी मिलेगी। उनका पूरा सहयोग मिलेगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों को करियर में लाभ होगा। बुद्धि बढ़ेगी और तरक्की होगी। भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। मेहमान आ सकते हैं। समाज के लिए खर्च करेंगे जिससे कीर्ति बढ़ेगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के करियर में लाभ होगा और सुख बढ़ेगा। यात्रा सफल रहेगी। मन खुश रहेगा। दोपहर बाद किसी अधिकारी से विवाद हो सकता है। कानूनी मामलों में सफलता मिलेगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा। विवाद खत्म होंगे। जीवन में खुशियां आएंगी। खर्च कम होने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**तुला :** तुला राशि वालों को करियर में सफलता मिलेगी। धन प्राप्ति होगी। नौकरी वालों के अधिकार बढ़ेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। विजय प्राप्त होगी। शाम से रात तक तरक्की के योग हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों को करियर में सफलता और तरक्की मिलेगी। किसी बड़े अधिकारी से मुलाकात होगी। अच्छा खाना मिलेगा, लेकिन खानपान पर नियंत्रण रखें।

**धनु :** धनु राशि वालों को सफलता और तरक्की मिलेगी। पूजा-पाठ में रुचि बढ़ेगी। नए व्यापार में लाभ होगा और आपकी सभी योजनाएं सफल होंगी। इससे धन लाभ होगा। आत्मविश्वास बढ़ेगा।

**मकर :** मकर राशि वालों को लाभ होगा और पराक्रम बढ़ेगा। आपके बात करने के तरीके से आपको सफलता मिलेगी। पैसों के लेन-देन में सावधानी रखें। धन हानि हो सकती है।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को लाभ होगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा। कुछ झंझट और खर्च करने पड़ेंगे। अपनी बात सत्य सिद्ध करेंगे। शत्रु हारेंगे। शाम को धन लाभ होगा।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा रहेगा। पराक्रम बढ़ेगा। संतान से खुशखबरी मिलेगी। धार्मिक कार्यों में रुचि रहेगी। व्यापार के लिए दिन अच्छा है।

# बजट 2025-26: नई कर नीति और अर्थव्यवस्था की दिशा



योगेश कुमार गोयल

2025-26 के केंद्रीय बजट पर पूरे देश की नजरें केंद्रित थीं क्योंकि आम आदमी को इस बजट से बहुत सारी उम्मीदें थीं। माना जा रहा था कि बजट में आम जनता के लिए राहतों का पिटारा खोला जाएगा। मध्यम वर्ग और करदाताओं को टैक्स स्लैब में कमी, स्टैंडर्ड डिडक्शन बढ़ाने तथा अन्य छूट को बढ़ाए जाने की बड़ी उम्मीदें थीं। नई आयकर व्यवस्था में इस बार करदाताओं को बड़ी राहत दी गई है। अब 12 लाख रुपये तक की वार्षिक कमाई पर कोई कर नहीं लगेगा जबकि पहले यह सीमा 7 लाख रुपये थी। स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार रुपये ही रखा गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की घोषणा के अनुसार, अब यदि किसी व्यक्ति की आय 12 लाख रुपये से अधिक होती है तो उसे कर देना होगा। नई व्यवस्था में 4-8 लाख रुपये की आय पर 5 प्रतिशत, 8-12 लाख रुपये की आय पर 10 प्रतिशत, 12-15 लाख रुपये की आय पर 15 प्रतिशत, 15-20 लाख रुपये की आय पर 20 प्रतिशत, 20-24 लाख रुपये की आय पर 25 प्रतिशत और 24 लाख रुपये से अधिक आय पर 30 प्रतिशत कर देना होगा। स्टैंडर्ड डिडक्शन 75 हजार रुपये तक रहेगा, जिससे वेतनभोगियों को 12.75 लाख रुपये तक कोई कर नहीं देना होगा।

आर्थिक विश्लेषकों के अनुसार, नई आयकर दरों से करदाताओं को 80 हजार रुपये तक की बचत होगी। उदाहरण के लिए, 12 लाख रुपये की आय वाले करदाता को 80 हजार रुपये, 16 लाख रुपये की आय पर 50 हजार रुपये, 18 लाख रुपये की आय पर 70 हजार रुपये, 20 लाख रुपये की आय पर 90 हजार रुपये और 25 लाख रुपये की आय पर 1.1 लाख रुपये की बचत होगी। 2014 में 2.5 लाख रुपये तक की आय कर मुक्त थी, 2019 में इसे बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया गया, 2023 में 7 लाख रुपये और अब 12 लाख रुपये की आय कर मुक्त कर दी गई है। इनकम टैक्स में किए गए इन बड़े बदलावों का सीधा लाभ मध्यम वर्ग को मिलेगा। हालांकि, पुरानी कर व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया गया है, जहां 5 लाख रुपये तक की आय पर कोई कर नहीं है और स्टैंडर्ड डिडक्शन 50 हजार रुपये ही बना रहेगा।

एक ओर जहां आयकर दरों में बदलाव मध्यम वर्ग के लिए बहुत बड़ा राहतकारी फैसला है, वहीं बजट में कुछ भी खामियां हैं, जैसे न तो बजट में शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसरों को लेकर कोई ठोस प्रावधान किए गए हैं, न ही किसानों की बढ़ती लागत और समर्थन मूल्य में अपेक्षित वृद्धि को लेकर सरकार की ओर से कोई राहत मिलती दिखी है। भारतीय रुपये की कीमत डॉलर के मुकाबले लगातार गिर रही है, डॉलर के मुकाबले यह 86-87 तक पहुंच गया है लेकिन रुपये की गिरती कीमत को रोकने के लिए भी बजट में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। केंद्र सरकार ने बजट में राज्यों सरकारों को राहत देते हुए राज्य की जीडीपी के 4.5 प्रतिशत तक कर्ज लेने की छूट दी है, पहले यह सीमा 4 प्रतिशत थी। इस बारे में अर्थशास्त्रियों का कहना है कि यह कदम राज्य सरकारों को राहत तो देगा लेकिन यह भी देखना होगा कि ज्यादा कर्ज लेना अर्थव्यवस्था के लिए कितना लाभकारी होगा क्योंकि ज्यादा कर्ज लेने से अर्थव्यवस्था बिगड़ती है। बजट में जहां मध्यम वर्ग को कुछ राहत दी गई है, वहीं बेरोजगारी और महंगाई के मोर्चे पर सरकार की खामोशी अखरती है।

हालांकि बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की गई हैं। कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। सरकार ने 2025-26 के लिए 31.47 लाख करोड़ रुपये की कुल प्राप्ति का अनुमान लगाया है, जिसमें 25.57 लाख करोड़ रुपये की कर प्राप्ति होगी, जबकि कुल व्यय 47.16 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। पूंजीगत व्यय 10.18 लाख करोड़ रुपये तय किया गया है। कृषि और ग्रामीण विकास के लिए 4.38 लाख करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 12,242 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। पीएम धन-धान्य कृषि योजना 100 कम उत्पादकता वाले जिलों को कवर करेगी, जिससे 1.7 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा। 7.7 करोड़ किसानों को किसान

**बजट विश्लेषण**



क्रेडिट कार्ड की सुविधा दी जाएगी, जिसमें मछुआरे और डेयरी किसान भी शामिल होंगे। किसान क्रेडिट कार्ड के लिए ब्याज अनुदान सीमा को 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कृषि स्टार्टअप्स को 10 हजार करोड़ रुपये की निधि प्रदान की गई है। जैविक खेती और सतत कृषि को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजना लागू की गई है।

स्वास्थ्य बजट में 98,311 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप के माध्यम से 100 प्रतिशत घरों को जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है, जिसके लिए 67 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। कैंसर की 36 दवाओं को पूरी तरह से ड्यूटी फ्री किया गया है। अगले तीन वर्षों में सभी जिला अस्पतालों में डे-केयर कैंसर सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सक्षम आंगनबाड़ी पोषण 2.0 के तहत 8 करोड़ बच्चों और 1 करोड़ गर्भवती महिलाओं को लाभ मिलेगा। डिजिटल स्वास्थ्य मिशन के तहत टेलीमेडिसिन सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 500 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जाएगी।

शिक्षा क्षेत्र के लिए भी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। अगले पांच वर्षों में 75 हजार मेडिकल सीटें जोड़ी जाएंगी। आईआईटी और आईआईएससी में तकनीकी अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार से अधिक फेलोशिप प्रदान की जाएंगी। सभी सरकारी माध्यमिक विद्यालयों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी दी जाएगी। पांच आईआईटी में अतिरिक्त बुनियादी ढांचा तैयार किया जाएगा। आईआईटी पटना का विस्तार किया जाएगा। भारतीय भाषा पुस्तकों को डिजिटल रूप में उपलब्ध कराने के लिए भारतीय भाषा पुस्तक योजना शुरू की जाएगी। स्कूल शिक्षा सुधार कार्यक्रम के तहत डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट लर्निंग टूल्स को अनिवार्य किया गया है। सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सुदृढ़ करने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

रक्षा क्षेत्र के लिए 6.8 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है, जो सकल घरेलू उत्पाद का 1.91 प्रतिशत है। इसमें 1.8 लाख करोड़ रुपये पूंजीगत व्यय के लिए रखे गए हैं, जिससे नए हथियार, विमान, युद्धपोत और अन्य सैन्य उपकरण खरीदे जाएंगे। 2024 में रक्षा मंत्रालय को 6.21 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, जो इस वर्ष की तुलना में 4.79 प्रतिशत अधिक था। अत्याधुनिक रक्षा उत्पादन और स्वदेशी तकनीक को बढ़ावा देने के लिए 50,000 करोड़ रुपये की विशेष निधि बनाई गई है। भारतीय सेना में नई पीढ़ी के ड्रोन और साइबर सुरक्षा उपकरणों के विकास के लिए 10,000 करोड़ रुपये का अलग बजट रखा गया है। स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए 10 हजार करोड़ रुपये के योगदान से फंड ऑफ फंड्स की स्थापना की गई है। सूक्ष्म उद्यमों के लिए 5 लाख रुपये तक की सीमा वाले कस्टमाइज्ड क्रेडिट कार्ड पेश किए जाएंगे। पहली बार उद्यमी बनने वाली 5 लाख महिला एससी/एसटी को 2 करोड़ रुपये तक के टर्म लोन उपलब्ध कराए जाएंगे। एक करोड़ गिग वर्कर्स के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पहचान पत्र और पंजीकरण की व्यवस्था होगी।

बजट में कुछ छूटों के चलते इलैक्ट्रॉनिक उत्पाद सस्ते होंगे, इलैक्ट्रिक कारें सस्ती होंगी और कस्टम ड्यूटी में कमी से मोबाइल और टीवी जैसे उत्पाद भी सस्ते होंगे। लिथियम-आयन बैटरी, कोबाल्ट पाउडर, जिंक, लैड तथा अन्य 12 महत्वपूर्ण खनिजों को बेसिक कस्टम्स ड्यूटी से छूट दी गई है। 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा क्षमता विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। एक लाख करोड़ रुपये के अर्बन चौलेंज फंड की स्थापना की जाएगी, जिससे शहरी क्षेत्रों में बुनियादी ढ़ांचे को मजबूत किया जाएगा। कुल मिलाकर, यह बजट भारत के विकास को नई गति देने वाला और मध्यम वर्ग के लिए राहतकारी माना जा सकता है। बजट 2025-26 का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि को गति देना, किसानों और छोटे व्यापारियों को सशक्त बनाना तथा प्रत्येक वर्ग को राहत और अवसर प्रदान करना है। बजट में सरकार ने मध्यम वर्ग, गरीब, युवाओं और महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा की है। आयकर में सुधार, कृषि क्षेत्र में निवेश, स्वास्थ्य और शिक्षा में विकास के माध्यम से सरकार ने आम आदमी की उम्मीदों को नई दिशा दी है लेकिन बजट में बेरोजगारी और महंगाई के साथ रुपये की गिरती कीमत को संभालने के उपायों का कोई उल्लेख नहीं होना बजट पर कुछ सवाल भी खड़े करता है। सरकार ने स्टार्टअप्स और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कुछ नई योजनाओं की घोषणा तो की है लेकिन रोजगार सृजन को लेकर कोई ठोस रोडमैप पेश नहीं किया गया है।

(लेखक 35 वर्षों से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# जनप्रतिनिधियों के लिए सेवानिवृत्ति संबंधी नियम क्यों नहीं



बलदेव राज भारतीय

हम सभी इस तथ्य से भली- भांति परिचित हैं कि किसी भी व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करने में उसकी आयु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा, कार्य करने की क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति, और जटिल परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने की योग्यता उम्र के साथ बदलती रहती है। आयु का आरोह व्यक्ति को ऊर्जावान, अनुभवी और आत्मविश्वासी बनाता है, जिससे वह जीवन के विभिन्न पहलुओं में न केवल कुशलता से कार्य करता है बल्कि प्रभावशाली निर्णय भी ले पाता है। दूसरी ओर, उम्र का अवरोह कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, शरीर को थकान का अनुभव होने लगता है, निर्णय लेने की गति धीमी हो जाती है और व्यक्ति का प्रदर्शन धीरे-धीरे घटने लगता है।

यही कारण है कि अधिकांश व्यवसायों में कार्य करने की अधिकतम आयु निर्धारित की गई है। सरकारी नौकरियों में, चाहे वह प्रशासनिक सेवाएं हों, सुरक्षा बल हों, शिक्षण संस्थान हों या अन्य कोई सेवा, सेवानिवृत्ति की आयु आमतौर पर 58 से 62 वर्ष के बीच निर्धारित होती है। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि व्यक्ति की घटती शारीरिक एवं मानसिक कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए उसे विश्राम और नए योग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाए। लेकिन जब बात हमारे देश के जनप्रतिनिधियों की आती है, तो यह नियम पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाता है।

यह अत्यंत आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण है कि जो लोग जनता के सेवक कहलाते हैं, जो लोकतंत्र के कर्णधार माने जाते हैं, वे स्वयं को कार्यक्षमता के इस मापदंड से पूरी तरह मुक्त कर लेते हैं। हमारे देश में अधिकांश नेता 60 वर्ष की उम्र पार कर लेने के बाद भी सक्रिय राजनीति में बने रहते हैं। यहाँ तक कि कई शीर्ष पदों पर आसीन राजनेता 70, 80 या 90 वर्ष की अवस्था में भी कुर्सी कुर्सी की रट लगाए रहते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि यदि 60 वर्ष के बाद एक सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त कर दिया जाता है क्योंकि उसकी कार्यक्षमता में गिरावट आ जाती है, तो वही नियम हमारे नेताओं पर क्यों लागू नहीं होता? क्या वे किसी विशेष मिट्टी के बने होते हैं जिन पर उम्र का कोई असर नहीं पड़ता? क्या उनकी कार्यक्षमता बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती ही जाती है?

नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की कोई आयु सीमा क्यों नहीं? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए हमें राजनीति की उस वास्तविकता को समझना होगा जो इसे अन्य सेवाओं से अलग बनाती है। राजनीति को एक सेवा की बजाय एक व्यवसाय बना दिया गया है, जहाँ आने के बाद व्यक्ति आजीवन उसी में बना रहना चाहता है। अधिकांश नेता राजनीति को एक ऐसी कुर्सी समझते हैं, जिस पर बैठने के बाद वे कभी उठना नहीं चाहते। उनके लिए यह एक निरंतर चलने वाली यात्रा होती है, जो तब तक जारी रहती है जब तक प्रकृति उन्हें स्वयं सेवानिवृत्त नहीं कर देती।

इसके पीछे कुछ मुख्य कारण हैं। पहला कारण इन्हें मिलने वाली असीमित शक्तियां और विशेषाधिकार है। जनप्रतिनिधियों को जो अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं, वे किसी अन्य व्यवसाय में उपलब्ध नहीं होते। उनकी निर्णय लेने की शक्ति, सरकारी संसाधनों पर नियंत्रण और उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति उन्हें पद से चिपके रहने के लिए प्रेरित करती है।

यह एक कटु सत्य है कि हमारे सांसद और विधायक जब चाहें, बिना किसी विरोध के, अपने वेतन और भत्ते बढ़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी बाहरी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। जहाँ सरकारी कर्मचारी अपनी तनख्वाह और भत्तों के लिए सरकार की कृपा पर निर्भर होते हैं, वहीं नेता स्वयं ही अपने वेतन-भत्ते तय करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। यही वह दूसरा कारण है, जिसके लिए वे कभी अपनी मर्जी से राजनीति छोड़ना नहीं चाहते।

तीसरे, भारतीय राजनीति में वंशवाद एक बड़ा मुद्दा रहा है। अधिकांश वरिष्ठ नेता अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति में स्थापित करने के लिए लंबे समय तक सक्रिय रहते हैं। वे तब तक पद नहीं छोड़ते जब तक उनका उत्तराधिकारी तैयार नहीं हो जाता। चौथा कारण यह है कि राजनीति में आम धारणा यह है कि यहां अनुभव सबसे बड़ी योग्यता है। हालांकि यह सच है कि अनुभव महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केवल उम्रदराज नेताओं को ही राजनीति में रहने दिया जाए। युवा नेताओं के लिए मार्ग प्रशस्त करने के बजाय, अनुभवी नेता राजनीति को अपनी निजी संपत्ति बना लेते हैं।

राजनीति का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित नहीं की गई है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र तक चुनाव लड़ सकता है और जीत सकता है। यदि अन्य व्यवसायों में अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जा सकती है, तो राजनीति में क्यों नहीं?

हम अक्सर देखते हैं कि बड़े-बड़े नेता अत्यधिक उम्र होने के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर बने रहते हैं। वे कानून बनाते हैं, देश की नीतियों को तय करते हैं और जनता के भविष्य का निर्णय लेते हैं, लेकिन क्या वे स्वयं शारीरिक और मानसिक रूप से इतने सक्षम होते हैं कि वे यह कार्य प्रभावी रूप से कर सकें?

अक्सर ऐसे नेताओं की कार्यशैली सुस्त हो जाती है, वे जनता से संवाद स्थापित करने में असमर्थ हो जाते हैं और कई बार तो उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी ठीक से बोलने में कठिनाई होती है। क्या ऐसे नेता देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं? यदि एक सरकारी कर्मचारी 60 वर्ष की उम्र के बाद कार्य करने में अक्षम माना जाता है, तो एक 80 वर्षीय नेता कैसे पूर्ण ऊर्जा और क्षमता के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है? क्या नेताओं के लिए देश महत्त्वपूर्ण नहीं होता?

अब समय आ गया है कि राजनीति में भी अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। यदि सरकारी नौकरियों में सेवानिवृत्ति की उम्र होती है, तो राजनीति में भी यह नियम लागू होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा होने से युवा और योग्य नेताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा, जिससे नई सोच और ऊर्जा राजनीति में आएगी।

जब राजनीतिक पदों पर अधिक ऊर्जावान और सक्षम लोग होंगे, तो निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। वरिष्ठ नेता जब तक राजनीति में बने रहते हैं, तब तक वे अपने परिवार के सदस्यों के लिए रास्ता तैयार करते रहते हैं। यदि सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित होगी, तो वंशवाद पर कुछ हद तक नियंत्रण लग सकता है। जब अनुभवी लेकिन अति वृद्ध नेताओं की जगह युवा, जोश से भरे और कुशल नेता आएंगे, तो देश का विकास अधिक तेजी से होगा।

राजनीति कोई नौकरी नहीं, बल्कि जनता की सेवा करने का माध्यम है। लेकिन इसे व्यवसाय बना लेने की प्रवृत्ति के कारण ही अधिकतर नेता आजीवन पद पर बने रहने की कोशिश करते हैं। कार्यक्षमता और आयु का संबंध अटूट है और इसे राजनीति में भी मान्यता मिलनी चाहिए। यदि सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों, जजों, सेना और अन्य सेवाओं में सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित है, तो जनप्रतिनिधियों के लिए ऐसा कोई नियम क्यों नहीं?

यदि हम सचमुच लोकतंत्र को सशक्त और प्रभावी बनाना चाहते हैं, तो हमें इस विषय पर गंभीरता से विचार करना होगा और राजनीति में भी एक अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करनी होगी। इससे न केवल कार्यक्षमता में सुधार होगा, बल्कि एक नए भारत के निर्माण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाया जा सकेगा।

-इतिहास प्रवक्ता एवं स्वतंत्र पत्रकार

## वर्ग पहेली नं. 2994

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | | ■ | 7 | | |
| 8 | | | ■ | 9 | | ■ | ■ | | ■ |
| | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | | 13 | | |
| 14 | 15 | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ |
| ■ | 18 | 19 | | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| 22 | ■ | | ■ | 23 | | | ■ | 24 | |
| 25 | | | | | ■ | 26 | | | ■ |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | 27 | |

**बायें से दायें:-** 1) वैमनस्य; दुष्कामना, 2) अनुवाद, 4) धुँधला; अप्रबल; अश्रुतिगम्य, 6) एक राशि, 7) रोकड़, 8) गीत; राग, 9) डबल रोटी; चौथाई, 10) आकार; कद क़ामत; शरीर, 12) प्रभावशील *(भाषा)*; अविराम; लगातार, 14) भालू, 16) आचरण; प्रथा, 17) जाँबाज़; पराक्रमी, 18) पर्यन्त, 20) दाँव; शर्त; अनुबंध, 23) घमंड़, 24) दुर्गुण; दोष, 25) पतली और कोमल वस्तु का हिलना, 26) परस्पर व्यवहार; संगसाथ; उठना बैठना; हेलमेल, 27) पिता का अग्रज; वृद्ध पुरुष.

**ऊपर से नीचे:-** 1) सत्यनिष्ठा, 2) सूर्य, 3) प्रायोजन; देखरेख, 4) एक दिन, 5) पितामही, 6) विस्फोट, 11) निवेदक; भिखारी, 13) कुशल, 15) छप्पर, 19) लबरेज़; कगार तक भरा, 20) जाँच, 21) डिब्बा; संदूक, 22) पृथक; असामान्य; भिन्न, 23) नादान; अनुभवहीन, 24) आयामहीन बिंदु; अनुस्वार.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | ग | पु | र | ■ | अ | ना | या | स | ■ |
| वा | ■ | न | व | यु | व | क | ■ | भा | स |
| जि | ग | रा | ■ | व | धा | ■ | म | ■ | रा |
| ब | ■ | ग | ह | रा | ■ | खा | स | खा | स |
| ■ | ब | म | ■ | ज | ग | ■ | खा | ■ | र |
| दा | वा | न | ल | ■ | ज़ | ह | री | ला | ■ |
| ना | ल | ■ | ब | रा | ब | र | ■ | खों | पा |
| पा | ■ | क | रा | ह | ■ | रो | गी | ■ | दु |
| नी | ला | म | ■ | त | मी | ज़ | ■ | फी | का |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2954

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 9 | | | | |
| | 8 | | | | | 6 | | |
| | | | | | 4 | | 5 | |
| 8 | 7 | | | | | | 2 | |
| 9 | | | | 6 | | | | |
| | | | 1 | | | | | |
| | | | 8 | | 7 | | | |
| 4 | | | | | | | | 9 |
| | | | | | | 1 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2953 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 6 | 8 | 4 | 2 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 5 | 7 | 9 | 3 | 4 | 6 | 1 |
| 4 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 2 | 8 | 9 |
| 6 | 4 | 2 | 5 | 1 | 9 | 8 | 7 | 3 |
| 7 | 5 | 9 | 3 | 8 | 4 | 6 | 1 | 2 |
| 3 | 1 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 9 | 4 |
| 2 | 6 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 7 | 2 | 6 |
| 5 | 7 | 4 | 2 | 6 | 1 | 9 | 3 | 8 |

# कोलकाता के योगेशचंद्र चौधरी लॉ कालेज में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद जारी

**❑ छात्र-छात्राओं ने शिक्षा मंत्री के समक्ष 'वी वांट जस्टिस' के लगाए नारे**

**❑ मंत्री से छात्राओं की शिकायत, बाहरी लोग दे रहे दुष्कर्म की धमकी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के योगेशचंद्र चौधरी लॉ कालेज में सरस्वती पूजा को लेकर विवाद जारी है। रविवार को राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु को कॉलेज के छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ा। कॉलेज की कई छात्राएं मंत्री के सामने रो पड़ीं और आरोप लगाया कि उन्हें तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के नेता साबिर अली के नेतृत्व में बाहरी लोगों द्वारा कॉलेज परिसर में पूजा आयोजित




करने से रोका जा रहा है और यहां तक कि उन्हें दुष्कर्म की धमकी भी दी गई। बता दें कि योगेशचंद्र चौधरी लॉ कालेज परिसर में पूजा के आयोजन को लेकर छात्रों के दो समूहों के बीच हुए विवाद के बाद कलकत्ता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कोलकाता पुलिस से यह सुनिश्चित करने को कहा था कि कॉलेज के छात्र पर्याप्त सुरक्षा के साथ पूजा कार्यक्रम आयोजित कर सकें। इस दिन, पुलिस की निगरानी में पूजा आयोजित की गई। ब्रात्य बसु और तृणमूल कांग्रेस की स्थानीय सांसद माला राय जब कॉलेज परिसर में गए और छात्राओं से मिले, तो एक समूह ने 'हमें न्याय चाहिए' के नारे लगाए। शिक्षा मंत्री ने कहा कि मैं आपसे बात करने के लिए यहां आया हूं। कोई भी आपको मजबूर नहीं करेगा, आपको आतंकित नहीं करेगा या आपको धमकी नहीं देगा। अगर किसी ने कोई धमकी दी है, तो हम उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेंगे। बसु ने कहा कि मैंने छात्रों से मुलाकात की, मूर्ति के दर्शन किए और प्रार्थना की। मैंने छात्रों को आश्वासन दिया है कि हम उनकी शिकायतों पर गौर करेंगे और जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। दूसरी तरफ, आरोपों को खारिज करते हुए साबिर अली ने कहा कि हम कॉलेज की बगल वाली गली में सरस्वती पूजा का आयोजन कर रहे हैं। किसी को कोई धमकी नहीं दी गई है। वे ऐसा कोई वीडियो (धमकी देने का) नहीं दिखा सकते। उन्होंने यह भी कहा कि कॉलेज के पूर्व छात्र होने के नाते उन्हें सरस्वती पूजा का हिस्सा बनने का पूरा अधिकार है। सांसद माला राय ने कहा है कि वह इस समस्या को लेकर इसी हफ्ते बैठक करेंगी। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कालेज की घटना को लेकर रिपोर्ट तलब की है।

## रानाघाट में वृद्धा से सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा

**❑ करीब सात साल बाद अदालत ने सुनाई सजा, 2018 में हुई थी घटना**

**❑ 25,000 रुपये का जुर्माना, नहीं भरने पर 6 माह का अतिरिक्त कारावास**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के रानाघाट उपजिला न्यायालय ने वृद्धा से दुष्कर्म व हत्या मामले में दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। शनिवार को अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सौमेन गुप्ता ने दोनों को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 और 376डी के तहत दोषी ठहराया। दोषियों पर 25,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया है तथा भुगतान न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास का आदेश दिया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, 18 मई 2018 को 65 वर्षीय महिला से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। वृद्ध महिला रानाघाट थाना क्षेत्र में रेलवे लाइन से सटे मोहल्ले में अकेली रहती थी। वृद्धा के घर से थोड़ी ही दूरी पर उसकी इकलौती बेटी का ससुराल है। घटना की सुबह वृद्धा की बेटी आई, तो घर का दरवाजा खुला पाया। बुजुर्ग मां फर्श पर अर्धनग्न अवस्था में बेहोश पड़ी थी। उसके पूरे शरीर पर जख्म के निशान थे। वह तुरंत पड़ोसियों की मदद से अपनी मां को अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से पता चला कि वृद्ध महिला से दुष्कर्म किया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। इसे देखते हुए मृतका की बेटी ने रानाघाट पुलिस स्टेशन में लिखित शिकायत दर्ज कराई।

पुलिस ने जांच की और दो लोगों शुभंकर सिकदर और तनु सरकार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि वृद्धा जब रात में शौचालय जाने के लिए घर का दरवाजा खोला था, तभी दोनों घर के अंदर दाखिल हो गए और दुष्कर्म के बाद वृद्धा की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि अपराध करने के बाद शुभंकर और तनु मुंबई भाग गए। वहां से उन्होंने नेपाल भागने की योजना बनाई। दोनों ने इस मामले पर बात करने के लिए रानाघाट में अपने एक परिचित से संपर्क किया। उस सूचना के आधार पर पुलिस ने मुंबई में छापा मारा और दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

## पुलिस कमिश्नर बदलते ही नैहाटी में तृणमूल कर्मी हत्या मामले में पहली गिरफ्तारी

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के 24 घंटे के भीतर पुलिस कमिश्नर का बदलना 'महत्वपूर्ण' है। बैरकपुर के पुलिस कमिश्नर को शनिवार को बदल दिया गया। अजय ठाकुर को दूसरी बार बैरकपुर पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है, वे आलोक राजौरिया का स्थान लेंगे। पुलिस आयुक्त अजय शनिवार की रात कार्यभार संभालने के बाद नैहाटी पुलिस स्टेशन गए। सवाल यह उठता है कि तृणमूल कार्यकर्ता संतोष यादव की हत्या की जांच कहां तक आगे बढ़ी है और अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई है। उस रात आरोपी की तलाश जारी थी और उसके बाद यह गिरफ्तारी हुई। उत्तर 24 परगना के नैहाटी में तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के दो दिन बाद पुलिस ने अक्षय गण को गिरफ्तार कर लिया। खबर है कि चार और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के मामले में कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया है। बाद में, एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। हालांकि, पूरी रात तलाशी के बाद पुलिस मुख्य आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी, लेकिन कई लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। जांचकर्ताओं ने दावा किया है कि संतोष और खुने के बीच संबंध है। उल्लेखनीय है गत शुक्रवार की दोपहर नैहाटी के गौरीपुर इलाके में गोलीबारी हुई। 35 वर्षीय तृणमूल कार्यकर्ता संतोष को एक थैला ले जाते समय गोली मार दी गई।

## कोलकाता समेत राज्यभर में बसंत पंचमी व सरस्वती पूजा धूमधाम से मनाया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर सहित बंगाल में रविवार को बसंत पंचमी और सरस्वती पूजा की धूम देखने को मिली। इस दिन, वैसे बंगाल में जहां व्यापक संख्या में लोगों सरस्वती पूजा की तो वहीं ऐसे लोग हैं जो सोमवार को सरस्वती पूजा करेंगे। महानगर सहित राज्य के सभी जिलों के घरों और शैक्षिक संस्थानों में रविवार को सरस्वती पूजा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सरस्वती पूजा के मौके पर कॉलेजों और विश्वविद्यालय परिसरों में रौनक देखने लायक थी। छात्रों ने बड़ी संख्या में विद्या की देवी सरस्वती को 'पुष्पांजलि' अर्पित कर उनकी आराधना की। इस दिन, लोग मां सरस्वती की पूजा-अर्चना करते हैं और देवी को किताबें आदि चढ़ाते हैं। इस दिन स्नान कर पीले रंग के कपड़े पहनते हैं। इस दिन पीला रंग पहनना उत्सव का एक अहम हिस्सा है। देश के विभिन्न हिस्सों में इस



शुभ दिन पर बहुत अलग अनुष्ठान होते हैं। कहीं लोग पतंग उड़ाते हैं, तो कहीं इस दिन को नृत्य, संगीत और शिक्षा के लिए समर्पित करते हैं। सरस्वती पूजा बंगाल के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है, जिसकी तैयारी कई दिनों पहले से ही शुरू हो जाती है। इस दिन, वीणा धारण करने वाली देवी की मिट्टी की मूर्तिया घरों और मंदिरों में स्थापित की जाती हैं। सरस्वती की मूर्तियों को सुंदर कपड़ों और सामानों से सजाया गया है और आंगन में चावल के आटे से रंगोली बनाई जाती हैं। इसके बाद, दोपहर में देवी की पूजा कर ढेर सारा प्रसाद चढ़ाया जाता है। ताजे पीले और सफेद फूल और बेर आदि प्रसाद चढ़ाए जाते हैं।

### राज्यपाल ने दी सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं

देशभर में रविवार को बसंत पंचमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर, राज्यपाल डॉ. सीवी आनन्द बोस ने सभी को बसंत पंचमी के शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सभी को सरस्वती पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं। मां सरस्वती के हम सबको ज्ञान से प्रकाशित सत्य के मार्ग पर चलने का आशीर्वाद दें। हम सबको ज्ञान और रचनात्मकता की ओर निर्देशित करें जिससे अज्ञान दूर हो सके और हम सब अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सक्षम हों।

## घने कोहरे के कारण कोलकाता हवाई अड्डे पर 13 उड़ानें प्रभावित

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में कोहरा उन लोगों के लिए परेशानी का कारण बना जो उड़न खटोलों यानी हवाई जहाजों से यात्रा करने वाले थे। कोहरे के कारण रविवार को कोलकाता हवाई अड्डे पर 13 उड़ानें प्रभावित हुई। अधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रविवार को कोहरे और खराब दृश्यता के कारण कुल 13 उड़ानें प्रभावित हुईं। मामले पर वाई अड्डे के निदेशक प्रवत रंजन बेउरिया ने बताया कि कोहरे के कारण कम से कम दो उड़ानों के आगमन और 11 अन्य के प्रस्थान में देरी हुई। उन्होंने बताया कि कोहरे के कारण रविवार की सुबह हवाई अड्डे पर कम दृश्यता प्रक्रिया (एलवीपी) लागू की गई थी।



कोलकाता में तैनात भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि विमान यातायात नियंत्रक (एटीसी) एलवीपी की घोषणा तब करता है, जब दृश्यता 800 मीटर से कम हो जाती है, जिसके बाद 'फॉलो-मी वाहन' विमानों को उनके स्टैंड तक ले जाते हैं। एलवीपी तब भी लागू की जाती है, जब बादल की ऊंचाई 200 फीट से नीचे होती है।

## जयनगर में महिला को अगवा कर दुष्कर्म के बाद हत्या की कोशिश

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के जयनगर में एक गृहिणी से दुष्कर्म के बाद हत्या का प्रयास हुआ है। घटना रविवार को जंगलिया गांव के एक खाली खेत में घटी, जहां ग्रामीणों ने एक महिला को बेहोश और आपत्तिजनक स्थिति में पाया गया। उसके कपड़े कीचड़ से सने थे, चेहरा रक्तरंजित था और गर्दन के चारों ओर दुपट्टा पहना हुआ था। गृहिणी मगराहाट की रहने वाली है और शादीशुदा है।

जयनगर पुलिस स्टेशन को सूचित किया गया और पुलिस ने महिला को बचाया, फिर तत्काल पद्मेरहाट ग्रामीण अस्पताल ले गई। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए, चिकित्सकों ने उसे बरुईपुर उपजिला अस्पताल में रेफर किया। अस्पताल



में महिला ने बताया कि सब्बीर नाम के व्यक्ति ने उससे दुष्कर्म किया और उसे घूंघट से फंदा लगाकर मारने का प्रयास किया। उसने आरोप लगाया कि सब्बीर ने उसका अपहरण किया और एक सुनसान खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया और फिर हत्या का प्रयास किया। अब महिला को बारुईपुर सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती कराया गया है। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

## भूपतिनगर बम विस्फोट मामले में एक और गिरफ्तार

**कोलकाता/मेदिनीपुर :** एनआईए ने साल 2022 में भूपतिनगर हुए बम विस्फोट के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के गिरफ्तारी की जानकारी रविवार को एक पुलिस अधिकारी ने दी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि राज्य के पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर के रहने वाले पचानन घोराई को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एनआईए लगातार पचानन घोराई की तलाश कर रही थी, जिसमें जांच टीम को शुक्रवार को सफलता मिल गई। अधिकारी ने अपने बयान में कहा कि जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। मामले की जानकारी देते हुए अधिकारी ने बताया कि राजकुमार मन्ना के घर में हुए जबरदस्त विस्फोट में घर के मालिक की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं इस घटना में बुद्धदेब मन्ना उर्फ लालू और विश्वजीत गायेन गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिनका इलाज चल रहा था। हालांकि, इलाज के दौरान ही दोनों घायलों ने दम तोड़ दिया था। इस घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था और मामले की जांच एनआईए कराने की मांग की जा रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए 20 दिसंबर, 2022 को राज्य पुलिस से जांच अपने हाथ में एनआईए ने ले लिया था। मामले की जांच के दौरान एनआईए के टीम ने पाया कि विस्फोट क्षेत्र में आतंक और हिंसा फैलाने के लिए कच्चे बम बनाने के लिए विस्फोटकों की आपूर्ति की जा रही थी और ये घटना एक आपराधिक साजिश का परिणाम थी।

## कालीगंज के तृणमूल विधायक नसीरुद्दीन अहमद का निधन, मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कालीगंज से तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक नसीरुद्दीन अहमद का दिल का दौरा पड़ने से रविवार के तड़के निधन हो गया। पार्टी सूत्रों के अनुसार, गत शनिवार की रात करीब 11.45 बजे अहमद की तबीयत बिगड़ गई और उन्हें अस्पताल ले जाया गया, रविवार की तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। बता दें कि नसीरुद्दीन अहमद को इलाके में 'लाल दा' के नाम से जाना जाता था। वकील से विधायक बने अहमद पहली बार 2011 में और फिर से 2021 में तृणमूल के टिकट पर विधानसभा के लिए चुने गए थे। दूसरी तरफ, पार्टी विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मौत पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर रविवार की सुबह मुख्यमंत्री ने



लिखा कि मेरे सहकर्मी नसीरुद्दीन अहमद (लाल), कालीगंज, नादिया से विधायक के आकस्मिक निधन से दुखी हूं। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा कि वह एक अनुभवी सार्वजनिक कार्यकर्ता और राजनीतिक प्रतिनिधि होने के साथ ही हमारे भरोसेमंद साथी थे। वह एक वकील और एक बहुत अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता थे, और मैं वास्तव में उनका सम्मान करती था। उनके परिवार, दोस्तों और अनुयायियों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

### राज्यपाल ने विधायक की मौत पर जताया शोक

कालीगंज के तृणमूल विधायक नसीरुद्दीन अहमद की मौत पर राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रविवार की शाम राजभवन की ओर से जारी बयान में कहा गया कि राज्यपाल ने कालीगंज के विधायक नसीरुद्दीन अहमद के परिवार, मित्रों और अनुयायियों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। बयान में आगे कहा गया कि नसीरुद्दीन अहमद एक अनुभवी और लोकप्रिय जननेता थे, जिनका आम लोगों के दिलों में विशेष स्थान था। मैं दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं।

## दुआरे सरकार की सफलता पर मुख्यमंत्री ममता ने जताई खुशी

दुयारे सरकार

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'दुआरे सरकार' शिविरों को मिल रहे अपार समर्थन पर खुशी जताई है। आंकड़ों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य भर में 1.05 लाख दरवाजों पर लगे सरकारी शिविरों में 1.07 करोड़ लोग पहुंचे हैं। सरस्वती पूजा की दोपहर फेसबुक पर एक पोस्ट में ममता बनर्जी ने कहा कि 'दुआरे सरकार शिविर के नौवें चरण में 1.07 करोड़ लोग 1.05 लाख शिविरों में आए हैं। हम 76 लाख नये आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 50 प्रतिशत आवेदन पहले ही प्रसस्करण के लिए भेजे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रशासनिक अधिकारी 28 फरवरी तक सभी सरकारी कार्य सुचारू रूप से पूरा करने के लिए निरंतर प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि सबसे बढ़कर, मैं राज्य के लोगों को 'दुआरे सरकार' परियोजना को सफल बनाने में उनके समर्थन और विश्वास के लिए धन्यवाद देती हूं। इस वर्ष के शिविर में आनंदधारा परियोजना के अंतर्गत सूक्ष्म ऋण प्रावधान के क्षेत्र में विशेष पहल की गई है। इसके माध्यम से 229 स्वयं सहायता समूहों को शिविरों से सीधे अपने उत्पाद बेचने का अवसर मिल रहा है। निःशुल्क सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, लक्ष्मी भंडार योजना और वृद्धावस्था भत्ता सेवाओं के लिए आवेदनों की सूची भी लंबी है।

## पूर्वी कमान के हवलदार को मिला उत्तम जीवन रक्षा पदक

**❑ बर्फ पर 30 मीटर रेंगकर छह साल के बच्चे की बचाई थी जान**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना की पूर्वी कमान अंतर्गत गजराज कोर के एक गैर-कमीशन अधिकारी (एनसीओ) हवलदार लेकी पासांग को इस साल गणतंत्र दिवस पर उनकी असाधारण बहादुरी और निस्वार्थ सेवा के लिए उत्तम जीवन रक्षा पदक से सम्मानित किया गया। पूर्वी कमान मुख्यालय, कोलकाता द्वारा एक बयान में इसकी जानकारी दी गई। उत्तम जीवन रक्षा पदक आमतौर पर भारत सरकार द्वारा बहादुरी के कार्यों के लिए नागरिकों को प्रदान किया जाता है। हालांकि, सशस्त्र बलों के कर्मियों को उनके सामान्य कर्तव्यों से परे साहस के कार्यों के लिए भी यह पदक दिया जा सकता है। कोलकाता में पूर्वी कमान के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 28 जनवरी, 2023 को



अरुणाचल प्रदेश के तवांग और बुमला के बीच संगेस्टार झील पर बर्फ में एक दरार से छह साल का बच्चा गिर गया। असम रेजिमेंट के हवलदार लेकी पासांग उस समय ड्यूटी पर नहीं थे, फिर भी उन्होंने बच्चे को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने में संकोच नहीं किया। अपनी जान की परवाह किए बिना हवलदार पासांग ने नाजुक बर्फ पर 30 मीटर रेंगकर बच्चे को बाहर निकाला। असम के तेजपुर में स्थित गजराज या चौथी कोर ने हवलदार पासांग की इस हरकत की सराहना की और उनके नाम की सिफारिश इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए की गई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गणतंत्र दिवस पर वर्ष 2024 के लिए उत्तम जीवन रक्षा पदक के लिए पांच अन्य लोगों के साथ उनके नाम को मंजूरी दी। छह में से तीन हवलदार पासांग सहित- सशस्त्र बलों से हैं। पुरस्कार में एक पदक, केंद्रीय गृह मंत्री द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रमाण पत्र और एकमुश्त राशि शामिल है। अधिकारी ने कहा, कर्तव्य और मानवता के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता सभी के लिए प्रेरणा है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उनकी निस्वार्थ बहादुरी और अनुकरणीय सेवा की मान्यता है। भारतीय सेना उनके साहस को सलाम करती है।

## तीन सफाई श्रमिकों की मौत को भाजपा ने 'राज्य प्रायोजित हत्या' करार दिया, मांगा मुख्यमंत्री से इस्तीफा

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के लेदर कॉम्प्लेक्स इलाके में हाइड्रेंट की सफाई के दौरान तीन सफाई श्रमिकों की मौत को केंद्रीय मंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने 'प्रदेश प्रायोजित' हत्या बताते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है। रविवार को भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार ने अपने एक्स हैंडल पर ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग करते हुए लिखा कि राज्य की मुख्यमंत्री की अक्षमता के कारण तीन सफाई श्रमिकों की असमय मौत हो गई। पुलिस प्रशासन इस घटना को दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना बताकर चाहे जितना भी टालने की कोशिश करें, लेकिन यह घटना प्रशासन द्वारा रचित है। इस दुखद घटना के लिए अधिकारियों की लापरवाही और लापरवाह रवैया पूरी



तरह से जिम्मेदार है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने सवाल उठाया कि नए नियमों के अनुसार, मैनहोल या ड्रेनेज सिस्टम में प्रवेश करने पर रोक है, इसके बावजूद तीन कर्मचारियों को खतरनाक गैसों से भरे मैनहोल में कैसे भेजा गया? सुकांत मजूमदार ने यह भी पूछा कि क्या अधिकारियों ने इन तीन कर्मचारियों की सुरक्षा और सेहत सुनिश्चित करने के लिए कोई उपाय किए? डॉ. मजूमदार ने आगे लिखा कि राज्य की अक्षम मुख्यमंत्री और उनके भरोसेमंद अधिकारियों को इन तीन असहाय सफाई कर्मचारियों की मौत की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। यह घटना एक 'राज्य प्रायोजित हत्या' है।

**❑ शुभेंदु अधिकारी ने घटना के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार**

भाजपा नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने मेयर के बयान पर पलटवार करते हुए मजदूरों की मौत के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। शुभेंदु ने कहा कि फिरहाद हकीम को पहले यह बताना चाहिए कि गार्डनरीच क्षेत्र में ऊंची इमारतें क्यों गिर गईं, जिससे मौतें हुईं और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए क्या उपाय किए गए। उन्होंने कहा कि तीन मजदूरों की मौत शहर और उसके बाहरी इलाकों में मैनहोल की सफाई के लिए मानक संचालन प्रक्रियाओं के उल्लंघन की ओर भी इशारा करती है।

## उद्यमिता के माध्यम से सीमावर्ती गांवों को सशक्त बना रही सेना

**❑ पूर्वी कमान अंतर्गत स्पीयर कोर ने ऊपरी सियांग के जिदु में स्टार्ट-अप उद्यमिता को बढ़ावा दिया**

**❑ पहली बार लगभग 2.44 लाख संतरे का किया गया निर्यात**

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय सेना के पूर्वी कमान अंतर्गत स्पीयर कोर ने सीमावर्ती गांवों को सशक्त बनाने के एक उल्लेखनीय व परिवर्तनकारी पहल में ऊपरी सियांग में स्थित जिदु के आदिवासी समुदाय को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्टार्ट-अप उद्यमिता को बढ़ावा दिया। पहली बार, लगभग 2.44 लाख संतरे, जिनकी कीमत 10 लाख रुपये से अधिक है, को असम और अरुणाचल प्रदेश के बाजारों में सफलतापूर्वक निर्यात किया गया है, जो इस क्षेत्र की कृषि उपज की अप्रयुक्त क्षमता को प्रदर्शित करता है। पूर्वी कमान मुख्यालय की ओर से एक बयान में इसकी जानकारी दी गई।



बयान में बताया गया कि यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर सियांग घाटी से ब्रह्मपुत्र के मैदानों में स्थानीय रूप से उगाए गए संतरे के पहले निर्यात को चिह्नित करता है, जो भारतीय सेना द्वारा पोषित उद्यमशीलता की भावना और सीमावर्ती गांवों में आत्मनिर्भर आर्थिक विकास की शक्ति दोनों को उजागर करता है। इन दूरस्थ और सीमावर्ती क्षेत्रों का समर्थन करने के महत्व को पहचानते हुए, स्पीयर कोर ने जिदु के ग्रामीणों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लक्षित कार्यशालाओं के माध्यम से, उन्होंने पैकेजिंग तकनीक, भंडारण समाधान और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन जैसे आवश्यक व्यावसायिक कौशल प्रदान किए। इस पहल ने ग्रामीणों को अपनी पारंपरिक कृषि प्रथाओं को औपचारिक व्यवसायों में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे उन्हें स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को बढ़ावा देते हुए वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाया जा सके।

यह प्रयास पारंपरिक सुरक्षा कर्तव्यों के साथ राष्ट्र निर्माण और समग्र विकास के लिए भारतीय सेना की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उद्यमशीलता को बढ़ावा देकर, सेना ने ग्रामीणों के बीच आत्मनिर्भरता और गर्व की भावना पैदा करने में मदद की है, जिससे उन्हें राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे में प्रभावी रूप से एकीकृत किया जा सके। यह पहल न केवल सीमाओं की सुरक्षा करने बल्कि दूरदराज के समुदायों के उत्थान के लिए भारतीय सेना के समर्पण का प्रमाण है, जिससे उन्हें भारत के विकास और समृद्धि में योगदान करने के लिए सशक्त बनाया जा सके। बयान में कहा गया कि स्पीयर कोर के प्रयास राष्ट्र निर्माण में सेना की बहुआयामी भूमिका का उदाहरण हैं, जो सुरक्षा और विकास के बीच की खाई को पाटते हैं।



# पहले पति को किडनी बेचने को किया मजबूर, फिर पैसे लेकर प्रेमी संग महिला हुई फरार

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले में एक महिला ने अपनी बेटी की शिक्षा के लिए रुपये जुटाने के वास्ते पहले पति को कथित तौर पर 10 लाख रुपये में किडनी बेचने को मजबूर किया और फिर पूरा नकद पैसा लेकर प्रेमी संग फरार हो गई। सांकराइल में रहने वाले पति के परिवार की शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की है। शिकायत के मुताबिक, महिला पिछले एक साल से अपने पति पर किडनी बेचने और कुछ पैसे कमाकर अपना घर बेहतर तरीके से चलाने और अपनी



12 साल की बेटी को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाने के लिए दबाव डाल रही थी। इसके बाद, पत्नी ने किडनी के लिए एक खरीदार के साथ 10 लाख रुपये का अनुबंध किया। अपनी पत्नी पर विश्वास करते हुए पति किडनी देने के लिए सर्जरी कराने को तैयार हो गया। पिछले महीने हुई सर्जरी के बाद पति पैसे घर ले आया, तो उसकी पत्नी ने उसे जल्दी ठीक होने के लिए आराम करने और बाहर न निकलने के लिए कहा। पति ने कहा कि फिर एक दिन वह घर से चली गई और वापस नहीं लौटी। बाद में, मुझे पता चला कि अलमारी से 10 लाख रुपये नकद के साथ कुछ और चीजें गायब हैं। पति ने कहा कि उसके परिवार ने अंततः अपने परिचितों की मदद से हावड़ा से बहुत दूर, बैरकपुर में उस घर का पता लगा लिया जहां उसकी पत्नी रह रही थी। उस घर में वह उस आदमी के साथ रह रही थी जिसके साथ वह कथित तौर पर भागी थी। शिकायत के मुताबिक, आरोपी महिला फेसबुक पर उस व्यक्ति से मुलाकात के बाद कथित तौर पर पिछले एक साल से उसके साथ प्रेम संबंध में थी। हालांकि, जब उसके पति, सास और बेटी उस आदमी के बैरकपुर स्थित घर पहुंचे तो उसने बाहर आने से इनकार कर दिया। पति के परिवार से महिला के प्रेमी ने कथित तौर पर कहा कि वह (महिला) अपने ससुरालियों पर वैवाहिक जीवन के 16 वर्षों के दौरान शारीरिक और मानसिक यातना देने का आरोप लगाते हुए तलाक का मुकदमा दायर करेगी। पत्रकारों से बातचीत में उस व्यक्ति (कथित प्रेमी) ने इस बात से इनकार किया कि उसने सांकराइल स्थित अपने ससुराल के घर से कोई नकदी ली है और दावा किया कि वह केवल वही पैसे लेकर आई जो उसने बचाए थे। पुलिस ने कहा कि वे कोई भी कार्रवाई शुरू करने से पहले महिला और उसके कथित प्रेमी से पूछताछ करेंगे।

## इस्लामपुर में लापता नाबालिग का शव मिलने से सनसनी, हत्या का आरोप

**उत्तर दिनाजपुर :** उत्तर दिनाजपुर के इस्लामपुर में एक नाबालिग का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। आरोप है कि नाबालिग के साथ बलात्कार कर उसकी हत्या की गई है। मृतक के परिवार का आरोप है कि नाबालिग के प्रेमी ने उसकी हत्या की है। मिली जानकारी के अनुसार, नाबालिग गत 29 जनवरी को एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। जिसके बाद वह घर नहीं लौटी। नाबालिग को काफी तलाशने के बाद भी जब वह नहीं मिली तो इस्लामपुर पुलिस थाने में उसके लापता होने की शिकायत दर्ज करायी। इसके दो दिन बाद, 1 फरवरी को इस्लामपुर से सिर्फ 2 किमी दूर बिहार के नयाबस्ती इलाके में एक किसान ने नाबालिग का शव देखा। खबर मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को



बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय निवासियों का दावा है कि नाबालिग का एक युवक से प्रेम संबंध था। पिछले डेढ़ महीनों से उनके बीच विवाद रहा है। दोनों परिवार के सदस्यों ने पार्षद की उपस्थिति में परेशानी को हल करने की कोशिश भी की थी। ऐसा माना जा रहा है कि इसी कारण नाबालिग की हत्या की गई है। हालांकि, इस मामले की पुलिस ने अभी तक कोई पुष्टि नहीं की है। इस मामले की जांच जारी है।

## जामुड़िया में खदान में युवक की मौत, ईसीएल से मुआवजे की मांग पर प्रदर्शन

**आसनसोल :** आसनसोल के जामुड़िया स्थित खदान में कोयला निकालने के दौरान एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टिंकू बाउरी के रूप में हुई है, जो मीठापुर गांव का निवासी था। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, टिंकू बाउरी खदान में कोयला निकालने के लिए गया था, इसी दौरान खदान में विस्फोट हुआ, जिस वजह से उसकी मौत हो गई। घटनास्थल पर मृतक के परिवार वाले और स्थानीय निवासी पहुंचे और आरोप लगाया कि ईसीएल द्वारा किए गए विस्फोट के कारण युवक की जान गई। घटना के बाद, स्थानीय लोगों ने ईसीएल से मुआवजे की मांग की। उनका कहना है कि मृतक के परिवार के किसी सदस्य को खदान में नौकरी दी जाए। इस घटना के बाद इलाके में तनाव बढ़ गया और स्थानीय तृणमूल नेताओं ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। शव के पास ही प्रदर्शन शुरू हो गया, जिसके बाद खदान में काम बंद हो गया।

## नगरपालिका चेक धोखाधड़ी मामले में और दो गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर :** बालुरघाट थाने की पुलिस ने नगरपालिका चेक धोखाधड़ी मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने पहले ही तीन लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस बार, दो और लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें से एक महिला और दूसरा पुरुष है। दोनों हुगली जिले में छिपे हुए थे। गिरफ्तार लोगों के नाम रौनक जहानत उर्फ पिंकी और संजीत कुंडू हैं। रविवार की दोपहर डीएसपी हेड क्वार्टर विक्रम प्रसाद ने बालुरघाट थाने में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। डीएसपी प्रसाद ने कहा कि चेक धोखाधड़ी मामले में दो और लोगों को हुगली जिले से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में अब तक पांच गिरफ्तारी हुई है। दोनों आरोपितों को शनिवार को बालुरघाट जिला अदालत में पेश कर पांच दिन की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। आरोपितों से पूछताछ चल रही है।

## बजट में गरीब जनता की आय बढ़ाने पर ध्यान नहीं : प्रहलाद राय

**कोलकाता, समाज्ञा :** उद्योगपति और समाजसेवी प्रहलाद राय ने केंद्रीय बजट में आयकर में बढ़ाई गई छूट का स्वागत किया, जिसे उन्होंने मध्यम वर्ग के लिए फायदेमंद बताया। उनका कहना था कि इससे मध्यम वर्ग की क्रय शक्ति में वृद्धि होगी, जिससे अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। हालांकि, राय ने इस बात पर चिंता जताई कि देश की 90 प्रतिशत आबादी की आय बहुत कम है और उन्हें आयकर देने लायक बनाने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। उनका कहना था कि इस वर्ग की आय बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए था। राय ने बजट को सामान्य बताते हुए कहा कि इसमें दूरदर्शिता का अभाव है और देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए सरकार को अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए अधिक प्रभावी कदम उठाने की जरूरत थी। इसके अलावा, राय ने कहा



कि सरकार को कैपिटल एक्सपेंडीचर बढ़ाने की आवश्यकता थी, क्योंकि पिछली बार कैपिटल एक्सपेंडीचर 11.6 प्रतिशत था, जबकि इस बार इसे घटाकर 10.8 प्रतिशत कर दिया गया है। उनका मानना है कि अगर कैपिटल एक्सपेंडीचर बढ़ता, तो इससे सीमेंट और स्टील जैसे उद्योगों को प्रोत्साहन मिलता और देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती।

## जीवन में अर्जित धन का सदुपयोग समाज सेवा, राष्ट्र हित में करें : स्वामी त्रिभुवन पुरी

कोलकाता/प्रयागराज : भागवताचार्य स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज ने मौनी अमावस्या के अवसर पर श्रद्धालु भक्तों के साथ स्नान किया। स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज ने बताया महाकुम्भ प्रयागराज में निर्वाण पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी विशोकानंद भारती महाराज के मार्गदर्शन, सानिध्य में सेवा शिविर में कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पण्डित लक्ष्मीकांत तिवारी, शकुन्तला तिवारी, शंकरलाल तिवारी, सत्संग भवन के ट्रस्टी दीपक मिश्रा, श्याम सुन्दर धानुका, मुकेश शर्मा, समाजसेवी अनीता-विनोद मेहरा, गोपाल जायसवाल, भोला प्रसाद सोनकर, अशोक तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, श्याम मुरारी खंडेलवाल एवम् कार्यकर्ता सक्रिय हैं। श्री कांची कामकोटि पीठाधीश्वर



पूज्य शंकराचार्य स्वामी शंकर विजयेंद्र सरस्वती के आशीर्वाद से व्यासपीठ पर विराजमान स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा पर प्रवचन करते हुए प्रयागराज कुम्भ मेला सेवा शिविर में श्रद्धालुओं को भाव विभोर किया। उन्होंने कहा शंकराचार्य के आशीर्वाद से महाकुंभ प्रयागराज में श्रीमद्भागवत कथा सुनाने का मुझे परम सौभाग्य मिला है। स्वामी त्रिभुवन पुरी महाराज ने कहा जीवन में जो कमाओ उसे खर्च करो। खर्च कहां करना है, इसका विवेक होना चाहिये। जो व्यक्ति अपने अर्जित धन का सदुपयोग समाज सेवा, राष्ट्र हित में करता है, वह भक्त पुण्य अर्जित करता है। समाज उसे याद करता है। संस्था के पदाधिकारी काशीमणि ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उच्चमाध्यमिक परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक रोकने के लिए कड़ा कदम, स्कूलों में भेजे जाएंगे मेटल डिटेक्टर

**कोलकाता, समाज्ञा**

उच्चमाध्यमिक परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक की घटनाओं को रोकने के लिए शिक्षा परिषद ने इस वर्ष कड़ा कदम उठाया है। अब स्कूलों में मेटल डिटेक्टर भेजे जा रहे हैं ताकि परीक्षा के दौरान छात्रों की बेहतर जांच की जा सके।

पिछले साल संवेदनशील केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर से तात्कालिक जांच की गई थी, लेकिन इस बार शिक्षा परिषद इस व्यवस्था में बदलाव करने जा रहा है। अब से छात्रों की जांच पुलिस के बजाय परीक्षा केंद्र में तैनात शिक्षक और शिक्षाकर्मी करेंगे।

जिन स्कूलों में उच्चमाध्यमिक परीक्षा आयोजित होगी, उन सभी स्कूलों को शिक्षा परिषद द्वारा एक मेटल डिटेक्टर दिया जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से यह देखा गया है कि परीक्षा शुरू होने के एक घंटे के अंदर ही सोशल मीडिया पर प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आईं।

इस समस्या को ध्यान में रखते हुए, पिछले वर्ष शिक्षा परिषद ने कई सख्त कदम उठाए थे, जिनमें संवेदनशील परीक्षा केंद्रों की पहचान करके वहां मेटल डिटेक्टर के माध्यम से छात्रों की जांच करना शामिल था।

इसके अलावा, प्रश्नपत्र की सुरक्षा को और मजबूत बनाने के लिए शिक्षा परिषद अब चयन प्रक्रिया में भी बदलाव करने जा रही है। यह कदम शिक्षा परिषद द्वारा उच्चमाध्यमिक परीक्षा की पारदर्शिता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

## विकसित भारत के लिए स्वागत योग्य बजट : सुशील कुमार चौधरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025-26 समावेशी विकास, आर्थिक विकास और खपत बढ़ाने पर रणनीतिक ध्यान देने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा वित्त वर्ष 25 - 26 के लिए, वित्त मंत्री सीतारमण ने बुनियादी ढांचे के विकास और आर्थिक विकास पर सरकार के ध्यान की पुष्टि करते हुए 11.21 लाख करोड़ आवंटित किए हैं। बजट में गांव और शहर दोनों को उचित प्रतिनिधित्व एवं धन आवंटन के दायरे में लाया गया है। कृषकों, असंगठित श्रमिकों,



युवाओं सहित सभी वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की कोशिश की गई है। 2047 तक भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने की दिशा में यह बजट एक सार्थक प्रयास है जिसका सबको स्वागत करना चाहिए।

## बिजली का झटका लगने से आग में झुलसकर श्रमिक की मौत, दो अन्य घायल

**दुर्गापुर :** दुर्गापुर में राज्य सरकार के तहत काम कर रही डिपीएल के सात नंबर यूनिट में रविवार की सुबह बिजली का झटका लगने से एक श्रमिक की आग में झुलसकर मौत हो गई। वहीं, अन्य दो श्रमिक घायल हो गए। घायलों को तुरंत दुर्गापुर ईएसआई अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। इस हादसे के बाद घटनास्थल पर कोकओवन थाना की पुलिस पहुंची। मृत श्रमिक की पहचान पृथो टुडू (52) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद, डिपीएल के सात नंबर यूनिट में काम करने वाले अन्य श्रमिकों ने मृत शरीर को यूनिट के अंदर रखकर सुरक्षा, मृतक और घायलों के मुआवजे की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

## 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप की बढ़ती लोकप्रियता, 9.89 लाख से अधिक एंड्राइड और 53,300 से अधिक आईओएस डाउनलोड

**कोलकाता, समाज्ञा :** 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप ने अपनी लोकप्रियता के नए आयाम छू लिए हैं! अब तक 9.89 लाख से अधिक एंड्राइड और 53,300 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ता इस ऐप को डाउनलोड कर चुके हैं। रेलवे सूचना प्रणाली केंद्र (सीआरआईएस) द्वारा विकसित इस ऐप को शुरुआत से ही यात्रियों का जबरदस्त समर्थन मिला है। इस ऐप की मदद से मेट्रो यात्री अपने स्मार्ट कार्ड को रीचार्ज कर सकते हैं और कभी भी, कहीं से



भी क्यूआर कोड आधारित टिकट बुक कर सकते हैं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए, 'मेट्रो राइड कोलकाता' ऐप को 05 मार्च 2022 को एंड्राइड प्लेटफॉर्म और 22 मार्च 2024 को आईओएस प्लेटफॉर्म पर लॉन्च किया गया था। 31 जनवरी 2025 तक, गूगल प्ले स्टोर से 9.89 लाख से अधिक एंड्राइड उपयोगकर्ताओं और एप्पल स्टोर से 53,300 से अधिक आईओएस उपयोगकर्ताओं ने इस ऐप को डाउनलोड किया है। पिछले महीने, मेट्रो रेलवे ने डिजिटल लेन-देन में 30% से अधिक की उपलब्धि हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया।

## एसएससी के तीसरे चरण की काउंसलिंग में 25 प्रतिशत उम्मीदवार रहे अनुपस्थित

### चौथे चरण की काउंसलिंग फरवरी के मध्य में होगी

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) नौकरी में अस्वीकृति का दौर जारी है। दूसरे चरण की काउंसलिंग के बाद नौकरी चाहने वाले अभ्यर्थी तीसरे चरण की काउंसलिंग से भी अनुपस्थित रहे। इस बार, लगभग 25 प्रतिशत उम्मीदवार नौकरी लेने से अनुपस्थित रहे। परिणामस्वरूप, यह निश्चित है कि उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती प्रक्रिया का काउंसलिंग चरण समाप्त होने के बाद भी कई पद रिक्त रह जाएंगे। बता दें कि उच्च प्राथमिक शिक्षक भर्ती के लिए तीसरे चरण की काउंसलिंग 28 जनवरी से 31 जनवरी तक आयोजित की गई थी। स्कूल सेवा आयोग के अनुसार, तीसरे काउंसलिंग सत्र में 25 फीसदी अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे और उन्हें खारिज कर दिया गया। कुल 724 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, इनमें से 181 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पता चला है कि बंगाली भाषा की काउंसलिंग के तीसरे चरण में 63 में से 16 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। तथा अंग्रेजी में 129 में से 51 लोग अनुपस्थित हैं। सभी मीडिया से जुड़े 199 लोगों में से 70 अनुपस्थित हैं। मिली जानकारी के अनुसार, तीन चरणों में कुल 12,068 अभ्यर्थियों की काउंसलिंग पहले ही पूरी हो चुकी है। इनमें से कुल 24-25 फीसदी अनुपस्थित रहे। जबकि, 9,194 उम्मीदवारों को अनुशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं। उनमें से 5 प्रतिशत से अधिक उम्मीदवार स्कूल नहीं गए। और 1,898 अभ्यर्थी मेरिट सूची में प्रतीक्षारत हैं। स्कूल सेवा आयोग के सूत्रों के अनुसार, चौथे चरण की काउंसलिंग फरवरी के मध्य में होगी। हालांकि, काउंसलिंग के इन तीन चरणों में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों का इतना अधिक प्रतिशत अनुपस्थित रहने से एसएससी की परेशानी और बढ़ गई है।

## देश के विकास के लिए यह बजट है एक महत्वपूर्ण कदम : उमेश चौधरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय बजट 2025-26 का भारत के रेलवे और समुद्री क्षेत्र के लिए कई सकारात्मक पहलुओं को लेकर आया है। टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड के उपाध्यक्ष और एमडी उमेश चौधरी ने इस बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट देश के रेल ढांचे और परिचालन क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत करता है। श्री चौधरी ने कहा, हम 2025-26 के केंद्रीय बजट का स्वागत करते हैं, जो 2.9 लाख करोड़ के आवंटन के साथ पेश किया गया है, जो पिछले वर्ष से 12% अधिक है। इससे 300 नई वंदे भारत ट्रेनों, 1,200 स्टेशनों के आधुनिकीकरण, 100% रूट विद्युतीकरण और बुलेट ट्रेन विस्तार के लिए महत्वपूर्ण विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, माल गलियारों और एआई-आधारित कवच सुरक्षा प्रणालियों में



निवेश से लॉजिस्टिक्स और यात्री सुरक्षा में सुधार होगा। रेल एमआरओ क्षमताओं पर ध्यान केंद्रित करने से दीर्घकालिक विश्वसनीयता सुनिश्चित होगी। साथ ही, उन्होंने समुद्री क्षेत्र को लेकर भी सकारात्मक टिप्पणी की। 25 हजार करोड़ के समुद्री विकास कोष और जहाज निर्माण के लिए वित्तीय सहायता में सुधार भारतीय कंपनियों को उन्नत प्रौद्योगिकी आधुनिक जहाजों और बुनियादी ढांचे में निवेश करने के लिए सक्षम करेगा।

## हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की प्रभारी शिक्षिका का विदाई समारोह आयोजित






**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा शिक्षा सदन फॉर गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में साढ़े 37 वर्षों से बच्चों को शिक्षा प्रदान कर रही निराला ठाकुर का शनिवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। वह स्कूल में प्रभारी शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। यह विदाई समरोह कार्यक्रम सुजाता साहा के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस समारोह में विभिन्न स्कूल के शिक्षकों एव गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया और निराला ठाकुर को सम्मानित किया। बताया गया है कि निराला ठाकुर ने करीब 20 वर्षों तक सहायक अध्यापक के रूप में कार्य किया। फिर, पांच वर्षों तक सहायक प्रधानाध्यापक और करीब साढ़े 12 सालों तक प्रभारी शिक्षक के रूप में स्कूल में सेवा प्रदान की। उनकी सेवानिवृत्ति के बाद श्रीरूपा बनिक को प्रभारी शिक्षक का प्रभार सौंपा गया है। इस अवसर पर स्कूल की पूर्व प्रधान अध्यापिका दुर्गा व्यास ने निराला ठाकुर को उनके बेहतरीन कार्यों के लिए सराहना की। कार्यक्रम में शिवपुर अंबिका हिन्दी हाई स्कूल, सलकिया श्री विक्रम ब्यॉयज व गर्ल्स स्कूल, हावड़ा शिक्षा सदन के ब्यॉयज व प्राथमिक स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए एवं उनके योगदान की भूरि-भूरि प्रसंशा की। इसमें धर्मेंद्र सिंह, अज्य सिंह, संजय चौहान समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम, नृत्य नाटिका समेत अन्य मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रस्तुति में सुमन कुमारी, अंजलि सिंह, बेबी, बबली साव, दुर्गा अनुषा, अनामिका कुमारी, रितिका कुमारी समेत अन्य शामिल थी। साथ ही, इस दौरान, सोनम सिंह ने स्वरचित विदाई प्रतिवेदन का पाठ किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में लिजा मिश्रा, संगीता व्यास, गीता सिंह, अनिता अग्रवाल समेत अन्य का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का कुशल संचालन कनकलता पांडेय ने किया।

## बड़ाबाजार में कथित तौर पर चल रहे असामाजिक कार्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर प्रतिवाद रैली

**कोलकाता :** बृहत्तर बड़ाबाजार अंचल में कथित तौर पर अवैध निर्माण, अवैध पार्किंग, अवैध ऑनलाइन जुआ, अवैध शराब की बिक्री व असामाजिक तत्व के सक्रिय होने से




स्थानीय निवासी अपने आप को असुरक्षित महसूस करने लगे हैं। इसके अलावा समाज के अशोक झा जैसे पर हुए हमले के प्रतिवाद में पीसफुल सिटीजंस आफ बड़ाबाजार और उसकी सहयोगी संस्था मिथिला युवा मैथिली समाज के नेतृत्व में काली कृष्णा टैगोर स्ट्रीट पर प्रतिवाद सभा ललित अग्रवाल की अध्यक्षता में समाजसेवी प्रेम दुबे, युवा नेता तारकेश राय, समाजसेवी राज गुप्ता, ने अपने वक्तव्य रखें। प्रशासन से अशोक झा के ऊपर हमला करनेवाले समाज विरोधियों को गिरफ्तार और इलाके में फल फूल रहे अवैध कारोबार को बंद करने की मांग को लेकर तारकेश राय (पिंटू) के नेतृत्व में धनंजय ठाकुर, विनोद झा, मदन चौधरी, सरोज कुमार मिश्र, संतोष खरवार, अशोक झा, द्वितीय शक्ति सिंह, जितेंद्र राय, प्रसनजीत सिंह, मदन मिश्रा, प्रभात झा, गोधन मिश्रा, शंकर झा, रमेश मिश्रा, राघवेंद्र ठाकुर, रमेश मिश्रा राजेंद्र मंडल, लाल मंडल, कैलाश साह, रामविलास मंडल, रंजीत साह सहित सैकड़ो लोगों ने सड़क पर उतरकर बड़ाबाजार मे जुलूस निकाला।

## हावड़ा डिवीजन के विभिन्न स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे का हावड़ा डिवीजन विभिन्न स्टेशनों पर महत्वपूर्ण ढांचागत सुधार कर रहा है। इस प्रयास के तहत, फुट ओवर ब्रिज की स्थापना की जा रही है, जो यात्रियों के लिए एक प्रमुख विकास साबित होगा। इन परियोजनाओं का उद्देश्य यात्रियों की सुरक्षा में सुधार करना, प्लेटफार्मों के बीच सुरक्षित और सुविधाजनक यातायात सुनिश्चित करना और भीड़-भाड़ को कम करना है। हावड़ा, वर्दवान और बोलपुर जैसे उच्च यात्री संख्या वाले स्टेशनों पर पैदल यात्री मार्गों की आवश्यकता अब और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। इस के तहत, पूर्व रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज स्थापित करने की मंजूरी दी है और इनका निर्माण पहले ही शुरू हो चुका है। इन एफओबी से तारकेश्वर, लिलुआ, आजिमगंज, वर्दवान, बारुईपाड़ा, डानकुनी, जनाई रोड, रामपुरहाट, पाकुर, कामारकुंडू, कटवा, नवद्वीपधाम, खमारगाछी, तिलबिथा, बंशलोई ब्रिज, राजग्राम, शक्तिगढ़, बोलपुर, बाली, शेउराफुली, चंदननगर, दैनहाट, अग्रद्विप, विष्णुप्रिया हाल्ट और साहेबतला जैसे स्टेशनों के यात्रियों को फायदा पहुंचेगा। इसके अलावा, इन फुट ओवर ब्रिजों से प्लेटफार्मों पर भीड़-भाड़ में कमी आएगी।

## भारतीय सेना ने हथियार प्रदर्शनी के जरिए भावी योद्धाओं को प्रेरित किया, आगंतुकों को उन्नत हथियारों, सैन्य उपकरणों और ड्रोन का प्रदर्शन देखने का मिला अवसर

**कोलकाता, समाज्ञा :** सेना की पूर्वी कमान अंतर्गत गजराज कोर ने पाठशाला-बजाली में असम साहित्य सभा के 77वें द्विवार्षिक सत्र में हथियारों की प्रदर्शनी लगाकर भारतीय सेना की अत्याधुनिक ताकत का प्रदर्शन करके युवाओं (भावी योद्धाओं) में देशभक्ति और गर्व की भावना जगाई। आगंतुकों ने उन्नत हथियारों, सैन्य उपकरणों और उच्च तकनीक वाले ड्रोन का प्रभावशाली प्रदर्शन देखा, जो भारत के रक्षकों की ताकत और आधुनिकीकरण की एक दुर्लभ झलक पेश करता है। कोलकाता में पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि इस कार्यक्रम में छात्रों, शिक्षकों और महिलाओं की एक बड़ी भीड़ उमड़ी, जो सेना की तकनीकी दक्षता और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता से मंत्रमुग्ध थे। आयोजन के दौरान हथियारों के प्रदर्शन से परे, भारतीय सेना की करियर काउंसलिंग पहल भी युवा उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई। बयान में बताया गया कि पात्रता, चयन और करियर रणनीतियों पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन के माध्यम से, यह पहल सम्मान और वीरता के साथ राष्ट्र की सेवा करने के इच्छुक लोगों के सपनों को आकार दे रही है। भारतीय सेना इस प्रकार की प्रदर्शनी व करियर काउंसलिंग के जरिए अगली पीढ़ी को साहस और सेवा के भविष्य की ओर प्रेरित करती रहती है।

## पूर्व रेलवे तीन एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर क्लास और एयर-कंडीशनड कोच बढ़ाएगा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों के लिए यात्रा अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अपनी लोकप्रिय मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों में स्लीपर क्लास और एयर-कंडीशनड क्लास कोच बढ़ाने का निर्णय लिया है। पूर्व रेलवे ने टिकटों की भारी मांग के कारण, अस्थायी रूप से सामान्य सेकंड क्लास कोच को स्लीपर और एयर-कंडीशनड क्लास कोच से बदलने का फैसला किया है। इसके तहत, 13147/13148 सियालदह-बामनहाट-सियालदह उत्तरबंग एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़े जाएंगे, जिनमें दो सामान्य सेकंड क्लास कोच को बदला जाएगा। यह व्यवस्था 02 फरवरी से 15 फरवरी तक सियालदह से और 03 फरवरी से 16 फरवरी तक बामनहाट से लागू रहेगी। इसके अलावा, 13149/13150 सियालदह-अलीपुरद्वार-सियालदह कंचनकन्या एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच जोड़ा जाएगा, जिसमें एक सामान्य सेकंड क्लास कोच को बदला जाएगा। यह व्यवस्था 02 फरवरी से 15 फरवरी तक सियालदह से और 03 फरवरी से 16 फरवरी तक अलीपुरद्वार से लागू रहेगी।

इसके साथ ही, 13189/13190 सियालदह-बालुरघाट-सियालदह एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर क्लास कोच और एक अतिरिक्त एयर-कंडीशनड (एसी 3 टियर) कोच जोड़ा जाएगा, जिनमें दो सामान्य सेकंड क्लास कोच को बदला जाएगा। यह व्यवस्था 02 फरवरी से 15 फरवरी तक सियालदह से और 03 फरवरी से 16 फरवरी तक बालुरघाट से लागू रहेगी।

## दिवंगत आत्मा की स्मृति में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

**हुगली, समाज्ञा :** रिसड़ा नगरपालिका के 19 नंबर वार्ड में दिवंगत समाजसेवी डब्लू की जन्म जयंती पर टीम डब्लू की तरफ से निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सकों ने 100 से अधिक लोगों के रक्तचाप, मधुमेह, नेत्र, दन्तव्य की जांच की। कुछ लोगों को दवाइयां और चश्मा लेने का परामर्श दिया। तकरीबन 180 लोगों को चश्मा दिया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर को सफल बनाने में टीम डब्लू संस्था के विनय तिवारी, रिक्की सिंह, असित श्रीवास्तव, एस कुमार, बबलू, राकेश सिंह, प्रदीप




समेत अन्य सदस्यों ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया। समाजसेवी व संस्था के सदस्य असित श्रीवास्तव ने बताया कि बहुत ही कम उम्र में डब्लू परलोक गमन कर गया। उसके दिखाए मार्ग पर चलते हुए इस संस्था के सभी सदस्य सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करके गरीब, पिछड़े, जरूरतमंदों, असहाय लोगों की मदद करते हैं।

## लिंक पेनटोनिक ने रीसाइकल पेन से बनी देवी सरस्वती मूर्ति का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** लेखन उपकरणों में अग्रणी लिंक लिमिटेड ने गर्व के साथ देवी सरस्वती की एक अनूठी मूर्ति का अनावरण किया। जिसे पूरी तरह से रीसाइकिल किए गए लिंक पेनटोनिक पेन से बनाया गया है। इस कलात्मक कृति ने स्थिरता, नवाचार और डिजाइन का एक अनूठा मिश्रण प्रस्तुत किया है, जो ज्ञान, रचनात्मकता और शिक्षा की देवी सरस्वती के प्रति श्रद्धा अर्पित करता है। साथ ही, यह लिंक की पर्यावरणीय जिम्मेदारी को भी उजागर करता है। लिंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक दीपक जालान ने इस पहल पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा, लिंक में, स्थिरता हमारे हर काम के मूल में है। रीसाइकिल किए गए पेंटोनिक पेन से बनी सरस्वती की मूर्ति न केवल ज्ञान और रचनात्मकता का प्रतीक है, बल्कि जिम्मेदार नवाचार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। हम जो भी शब्द लिखते हैं, वह हमारे भविष्य को आकार देता है, और हमारा मानना है कि भविष्य टिकाऊ होना चाहिए। इस पहल के माध्यम से लिंक लिमिटेड न केवल टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा दे रहा है, बल्कि लोगों और व्यवसायों को रोजमर्रा के उत्पादों के जीवनचक्र पर पुनर्विचार करने के लिए भी प्रेरित कर रहा है।

# पूर्ण विद्युतीकरण की राह पर भारतीय रेल


डॉ जयदीप गुप्ता (अपर सदस्य, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, रेलवे बोर्ड)

**कोलकाता, समाज्ञा**

पहिए के अविष्कार के साथ ही दुनिया कई गुना तेजी से आगे बढ़ने लगी। इस रफ्तार को नई दिशा सितंबर 1825 में तब मिली, जब दुनिया की पहली ट्रेन ने अपनी यात्रा शुरू की। इसी क्रम में 28 साल बाद 16 अप्रैल, 1853 को वह दिन भी आया जब भारत में पहली बार ट्रेन चलाई गई। इसके करीब 72 वर्षों बाद 3 फरवरी 1925 ने भारतीय रेल ने एक और अध्याय जोड़ते हुए पहली बार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से कुर्ला, मुंबई तक अपनी यात्रा बिजली से चलने वाली ट्रेन चलाकर नया कीर्तिमान रच दिया। अब साल 2025 भारत में रेल विद्युतीकरण के 100 साल पूरे के होने के साथ, भारत अपने ब्रॉड गेज नेटवर्क के 100% विद्युतीकरण के कगार पर है जो भारतीय रेल की उपलब्धियों में एक मील का पत्थर है। यह उपलब्धि भारत में पहली रेल यात्रा के समान ही ऐतिहासिक है तथा भारतीय रेल के विद्युतीकरण में एक सदी की प्रगति का प्रतीक है।

**❑ विद्युतीकरण की ओर : एक सदी का सफर**

दुनिया में पहली बार रेल संचालन के केवल 28 वर्षों के भीतर भारत में भी रेलगाड़ियां दौड़ने लगीं। हालांकि, बिजली से चलने वाले इंजनों को अपनाने में भारत को अधिक समय लगा। वर्ष 1879 में जर्मनी में पहली बार इलेक्ट्रिक यात्री ट्रेन चली, लेकिन भारत में यह तकनीक पहुँचने में 46 वर्षों का समय लगा। दुनिया की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन 1879 में चलाई गई, जबकि भारत ने 1925 में पहली बार इस सुविधा की शुरुआत की। बिजली से चलने वाले इंजनों ने बहुत कम समय में अपनी उपयोगिता साबित करने में सफलता हासिल कर ली। ये इंजन अधिक ताकतवर, तेज और कुशल थे। कम रखरखाव के साथ ये प्रदूषण रहित थे एवं भारी-भरकम ट्रेनों को तीव्र ढलानों पर आसानी से खींच सकते थे। आरंभिक दिनों में विद्युतीकरण की लागत अधिक थी, लेकिन शहरी यातायात और मुंबई जैसे महानगरों के लिए यह विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुई।

**❑ मुंबई में विद्युतीकरण : पहला कदम**

20वीं शताब्दी के शुरुआती वर्षों में मुंबई की तेजी से बढ़ती जनसंख्या के लिए यातायात के लिए एक प्रभावी और कुशल समाधान खोजना आवश्यक हो गया था। भाप इंजन पुणे और नासिक की ओर जाने वाले तीव्र ढलानों को संभालने में असमर्थ थे। इससे विद्युतीकरण की आवश्यकता और बढ़ गई। 1904 में बॉम्बे प्रेसीडेंसी सरकार के मुख्य अभियंता डब्ल्यू.एच. व्हाइट ने मुंबई में दो प्रमुख रेल नेटवर्क- ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे (जीआईपी) और बॉम्बे बड़ौदा एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे को विद्युतीकृत करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि प्रथम विश्व युद्ध की वजह से इस परियोजना को अस्थायी रूप से रोक दिया गया, लेकिन 1920 तक बॉम्बे-पुणे, इगतपुरी और वसई लाइनों के विद्युतीकरण की योजनाओं को मंजूरी मिल गई। 3 फरवरी, 1925 को भारत की पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन ने 1500 वोल्ट डायरेक्ट करंट (डीसी) पर छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और कुर्ला के बीच 16 किलोमीटर की दूरी तय की। यह भारतीय रेल के स्वच्छ और आधुनिक परिवहन की शुरुआत का प्रतीक बनी। इस कदम के साथ, भारत दुनिया का 24वां और एशिया का तीसरा देश बन गया जिसने इलेक्ट्रिक रेल सेवाएं संचालित कीं।

**❑ दक्षिण भारत में विद्युतीकरण**

मुंबई के साथ-साथ दक्षिण भारत ने भी विद्युतीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए। साउथ इंडियन रेलवे (एसआईआर), जो दक्षिण भारत में प्रमुख रेलवे नेटवर्क, उसने अपने उपनगरीय नेटवर्क को 1500 वोल्ट डीसी सिस्टम पर विद्युतीकृत किया। मद्रास बीच (अब चेन्नई) से ताम्बरम तक की लाइन को 1931 तक पूरा कर लिया गया। यह खंड भारत के कुछ मीटर गेज विद्युतीकृत मार्गों में से एक है। 1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय तक, देश में मात्र 388 किलोमीटर रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था, जो मुख्य रूप से मुंबई और मद्रास के आस-पास केंद्रित था।

**❑ पूर्वी भारत में विद्युतीकरण की शुरुआत**

जहां मुंबई ने विद्युतीकरण में अग्रणी भूमिका निभाई, वहीं पूर्वी भारत में यह प्रक्रिया देरी से शुरू हुई। इसका मुख्य कारण विश्व युद्धों और 1930 के दशक की महामंदी जैसी घटनाएँ थीं। 1950 के दशक में कोलकाता (तब कलकत्ता) में विद्युतीकरण की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ी। 1954 में, भारतीय रेल ने यूरोपीय विद्युतीकरण मॉडल का अध्ययन किया और, इस क्षेत्र के लिए 3000 वोल्ट डीसी सिस्टम को चुना। दिसंबर 1957 में हावड़ा और शियोराफुली के बीच पूर्वी भारत के पहले विद्युतीकृत ट्रैक का उद्घाटन हुआ। नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 केवी एसी प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया। इसी समय फ्रांस की एसएनसीएफ ने 25,000 वोल्ट एसी सिस्टम विकसित की, जिसे शुरू में संदेह की दृष्टि से देखा गया। 1959 में राजखरसावन-डांगोपोसी खंड पर इस सिस्टम का सफल परीक्षण हुआ। नवंबर 1957 में भारतीय रेल ने 25 केवी एसी प्रणाली को विद्युतीकरण के लिए मानक के रूप में अपनाया, जिससे भारत ऐसा करने वाला सोवियत संघ के बाद दूसरा देश बना।

**❑ स्वच्छ परिवहन की ओर एक सशक्त कदम**

रेल विद्युतीकरण का राष्ट्र पर गहरा और दीर्घकालिक प्रभाव पड़ता है। यह परिवहन को स्वच्छ और हरित माध्यम प्रदान करता है, जिससे पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है। बेहतर ढुलाई क्षमता और लाइन हॉल लागत में सुधार के साथ, यह रेल नेटवर्क को और अधिक कुशल एवं किफ़ायती बनाता है। इसके अलावा, कार्बन उत्सर्जन में कमी लाकर यह सतत विकास में योगदान देता है। कच्चे तेल पर निर्भरता घटने से बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत भी सुनिश्चित होती है, जिससे राष्ट्र की आर्थिक मजबूती सुनिश्चित होती है।

**❑ पूरे भारत में विद्युतीकरण : एक नया युग**

1966 तक, पूर्वी और दक्षिण-पूर्वी रेलवे जोन में माल परिवहन का आधे से अधिक हिस्सा इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन द्वारा संचालित होने लगा। हावड़ा, सियालदह और खड़गपुर डिवीजनों में उपनगरीय नेटवर्क तेजी से विद्युतीकृत हुआ। इलेक्ट्रिक ट्रेनों के लाभ, जैसे कि डीजल पर निर्भरता में कमी, अधिक दक्षता और पर्यावरण संरक्षण, ने विद्युतीकरण प्रक्रिया को और तेज किया। आने वाले दशकों में भारतीय रेल के विद्युतीकरण ने अभूतपूर्व गति पकड़ी। वर्ष 2014-15 के बीच हर दिन करीब 1.42 किलोमीटर विद्युतीकरण किया जाता था। इस अवधि में भारतीय रेल ने ब्रॉड गेज नेटवर्क पर लगभग 45,200 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण पूरा किया। वहीं, 2023-24 के दौरान प्रतिदिन करीब 19.7 किलोमीटर विद्युतीकरण का रिकॉर्ड बना। 2025 में, जब भारत रेल विद्युतीकरण के 100 वर्षों का जश्न मनाएगा, यह उपलब्धि उस दूरदृष्टि और तकनीकी प्रगति की गवाही देगी जिसने भारतीय रेल को दुनिया के सबसे बड़े और आधुनिक नेटवर्क में से एक बना दिया।

भारतीय रेल के विद्युतीकरण के 100 साल


## बजट पर इनके राय


केंद्रीय बजट 2025 सरकार की एमएसएमई क्षेत्र को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो भारत की आर्थिक वृद्धि का एक महत्वपूर्ण इंजन है। एमएसएमई के लिए बढ़ी हुई क्रेडिट गारंटी, सूक्ष्म उद्यमों के लिए विशेष क्रेडिट कार्ड और वर्गीकरण सीमा में वृद्धि से उनके विस्तार और सशक्तिकरण में तेजी आएगी। साथ ही, प्लास्टिक उद्योग पर विशेष ध्यान, पुनर्चक्रण और स्थिरता को बढ़ावा देने की पहल के साथ, एक हरित भविष्य के व्यापक दृष्टिकोण से मेल खाता है। ये सुधार एमएसएमई और प्लास्टिक उद्योग को बदलने के लिए तैयार हैं, जिससे नवाचार, रोजगार सृजन और सतत विकास को पूरे भारत में बढ़ावा मिलेगा।

**ललित अग्रवाल, चेयरमैन ग्लेन इंडस्ट्रीज लिमिटेड और अध्यक्ष इंडियन प्लास्टिक फेडरेशन**

---


कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स बजट प्रस्तावों का स्वागत करता है क्योंकि यह समावेशी विकास, तकनीकी नवाचार और निवेश को प्रोत्साहित करता है। यह बजट कृषि, बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, शिक्षा, एमएसएमई, टेक्सटाइल और स्टार्टअप्स को लाभ देगा। यह एक प्रगतिशील और व्यय उन्मुख बजट है, जो शहरीकरण, बुनियादी ढांचा और कौशल विकास को गति देगा। व्यक्तिगत आयकर में छूट सीमा बढ़ाने का निर्णय करदाताओं के लिए लाभदायक होगा। हम वित्त मंत्री का धन्यवाद करते हैं और मानते हैं कि यह बजट अर्थव्यवस्था में विश्वास बहाल करेगा तथा निवेश व खर्च को प्रोत्साहित करेगा।

**हरी शंकर हलवासिया अध्यक्ष, कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स**

---


यह बजट सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) तथा स्वास्थ्य सेवा के प्रति एक स्पष्ट प्रतिबद्धता दर्शाता है, जिसमें एमएसएमई के लिए कारोबार सीमा को दोगुना किया गया है और निवेश सीमा को 2.5 गुना बढ़ाया गया है। इसके अलावा, अगले 5 वर्षों में मेडिकल सीटों की संख्या 75,000 तक बढ़ाने की घोषणा की गई है और प्रत्येक जिले में कैंसर अस्पताल खोलने की योजना है, जिससे स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जाएगा।

**डॉ. सुदीप्ता नारायण रॉय एमडी, पॉवेल ग्रुप एवं चेयरमैन, नेशनल आयुष टास्क फोर्स, एसोचैम**

---


केंद्रीय बजट 2025 एमएसएमई क्षेत्र को आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान करता है, जिससे उनकी भारत की अर्थव्यवस्था में रीढ़ की हड्डी के रूप में भूमिका को मान्यता मिलती है। क्रेडिट गारंटी योजनाओं में वृद्धि और अनुपालन बोझ में कमी से वित्त तक पहुंच और व्यापार करने में आसानी में सुधार होगा। 'मेक इन इंडिया' के तहत डिजिटल अपनाने और विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन से प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। हालांकि, कम कराधान, बड़े निगमों से तेजी से भुगतान और जीएसटी नियमों को सरल बनाने जैसी दीर्घकालिक सहायता से इस क्षेत्र को और मजबूती मिलेगी। यह बजट सही दिशा में एक कदम है, लेकिन इसका पूर्ण प्रभाव सुनिश्चित करने के लिए दीर्घकालिक क्रियान्वयन महत्वपूर्ण होगा।

**ऋषभ सी. कोठारी, सीईओ - सीकेसी फ्रेग्रेंसेस प्रा. लि., पूर्व अध्यक्ष - एमसीसीआई**

---


सरकार ने नए बजट में सब को खुश करने की कोशिश की है। किसान एवं खेती पर खास सुविधाएं मुहैया कराई है। शिक्षा में नये सिरे से जान फूंकने हेतु, अटल योजना में बच्चों की जिज्ञासा जगाने का भी प्रयास है। वेतन भोगियों हेतु कई प्रकार की करों में छूट दी गयी है। किन्तु देश में नए व्यवसाय या कारख़ाने खोलने की दिशा में कोई मजबूत प्रावधान नहीं दिख रहा। सरकार की नींद अब भी नहीं टूटी तो, देश की इकोनॉमी वापस नीचे जा सकती है। देश का 38% मिडिल क्लास महंगाई , जीएसटी एवं सरकारी बाबुओं से परेशान है ! कैंसर दवाओं से शुल्क हटाना, 12 लाख तक की आय पर टैक्स नहीं देने का प्रावधान स्वागत योग्य है। कुल मिलाकर वित्त मंत्री महोदया को साधुवाद।

**राजेंद्र खंडेलवाल, पूर्व अध्यक्ष, कोलकाता चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स**

---


केंद्रीय बजट 2025-26 भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक परिवर्तनकारी रोडमैप प्रस्तुत करता है, जिसमें उत्पादन, निर्यात और एमएसएमई जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। स्टार्टअप्स के लिए बढ़ी हुई फंडिंग, वरिष्ठ नागरिकों के लिए कर में राहत, और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने जैसे प्रमुख उपायों के साथ, शेयर बाजार में सकारात्मक गति देखने को मिल सकती है। सरकार द्वारा कारोबार करने में आसानी और नवाचार को समर्थन देने की प्रतिबद्धता, साथ ही पर्यटन, ऊर्जा और कृषि जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक सुधार, निवेशकों का विश्वास बढ़ाने और शेयर बाजार में दीर्घकालिक विकास को गति देने में सहायक होंगे।

**आनंद गुप्ता, वित्तीय सलाहकार एवं निदेशक, आनंद फाइनेंशियल सर्विसेज**

---


केंद्रीय बजट 2025-26 भारत सरकार की स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता और किफायती बनाने पर जोर दिया गया है। हर जिले के अस्पतालों में कैंसर उपचार केंद्रों की स्थापना, 36 जीवन रक्षक दवाओं को कस्टम ड्यूटी से मुक्त करना, और घरेलू दवा निर्माण को प्रोत्साहन देने वाले कदम स्वागत योग्य हैं, जो सीधे मरीजों को लाभ पहुंचाएंगे। गिग कामकाजी कर्मचारियों को स्वास्थ्य कवर में शामिल करना और जल जीवन मिशन के तहत विस्तार किए गए कदम सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए समग्र दृष्टिकोण को दर्शाते हैं।

**सजल दत्ता, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, डिसन अस्पताल**

---


बहुप्रतीक्षित स्वागत योग्य बदलाव आखिरकार इस बजट में आया है, जहां नई कर व्यवस्था में व्यक्तिगत करदाताओं के लिए कुल वार्षिक आय 12 लाख तक होने पर आयकर देयता शून्य हो गई है। ऐसे व्यक्तियों को 80,000/- का कुल लाभ मिलेगा। कुछ टीडीएस और टीसीएस दरों को तार्किक बनाया गया है, और टीडीएस और टीसीएस प्रावधानों की लागू होने की सीमा भी बढ़ा दी गई है। किराए के मामले में 2.4 लाख की सीमा बढ़ाकर 6 लाख कर दी गई है। अब 1 अप्रैल 2025 से ऐसे व्यक्ति पर उच्च दर से कर कटौती (टीडीएस) की आवश्यकता नहीं होगी, जिसने आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। यह बदलाव निश्चितता प्रदान करेगा, व्यवसाय करने में आसानी बढ़ाएगा और टीडीएस/टीसीएस करदाताओं के लिए अनुपालन बोझ को कम करेगा। अब कोई करदाता असेसमेंट वर्ष के 31 दिसंबर तक संशोधित रिटर्न दाखिल कर सकता है। अपडेटेड रिटर्न अब संबंधित असेसमेंट वर्ष की समाप्ति के 48 महीने तक दाखिल किया जा सकता है, जो पहले केवल 24 महीने तक ही संभव था।

**रजत अग्रवाल लेखक एवं प्रैक्टिसिंग चार्टर्ड अकाउंटेंट**

# हावड़ा पुलिस की बड़ी सफलता, 17 घंटे में मिला लिलुआ का विशेष रूप से सक्षम युवक

**❑ पुलिस कर्मियों को धन्यवाद दे रहे हैं रोहम के पिता संजीव चंद**

**हावड़ा :** घर से लापता हुए एक विशेष रूप से सक्षम युवक को हावड़ा पुलिस ने महज 17 घंटे के भीतर ढूंढ निकाला। इस सफलता के बाद रोहम चंद के परिवार ने राहत की सांस ली है और पुलिस अधिकारियों को धन्यवाद दिया है।

लिलुआ निवासी 28 वर्षीय रोहम चंद शनिवार रात करीब 8 बजे अपने घर से निकले थे, जिसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा था। परिवार ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, जहां से जानकारी मिली कि रोहम को लिलुआ रेलवे स्टेशन की ओर जाते हुए देखा गया था। इसके बाद परिजनों ने रेलवे सुरक्षा बल (ठझऋ) को इस बारे में सूचित किया।

स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला कि रोहम प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर खड़ी हावड़ा-बर्दवान लोकल ट्रेन के वेंडर कोच में सवार हुए थे। एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें इशारा करके ट्रेन में चढ़ने में मदद की थी। लेकिन ट्रेन के चलने के बाद वे कहां गए, इसकी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। ठझऋ की मदद से बैंडेल तक के सभी सीसीटीवी फुटेज देखे गए, लेकिन रोहम किसी भी स्टेशन पर नजर नहीं आए।

परिवार की चिंता बढ़ने लगी और उन्होंने लिलुआ थाना में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने आसपास के सभी थानों को युवक की तस्वीर भेजी और उसकी तलाश शुरू कर दी। आखिरकार, रविवार दोपहर को बैत्रा थाना क्षेत्र के देशप्राण श्यामल रोड पर गश्त कर रही पुलिस टीम ने रोहम को सड़क पर घूमते हुए पाया।

पुलिस ने रोहम को तुरंत अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई और उनकी पहचान की पुष्टि करने के बाद लिलुआ थाना को सूचना दी। इसके बाद, लिलुआ पुलिस ने रोहम के परिवार से संपर्क किया और उन्हें सुरक्षित परिवार के हवाले कर दिया।

अपने बेटे को सुरक्षित वापस पाकर संजीव चंद और उनका परिवार बेहद खुश है और उन्होंने पुलिस कर्मियों का आभार जताया है। हालांकि, अब भी यह सवाल बना हुआ है कि रोहम लिलुआ से बैत्रा तक कैसे पहुंचे और इस दौरान उनके साथ क्या हुआ। पुलिस इस मामले की जांच जारी रखे हुए है।

# संकल्प सृष्टि शिक्षा रत्न सम्मान' से राजभवन में सम्मानित हुए अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राचार्य सरोज कुमार श्रीवास्तव

**हुगली, समाज्ञा**

आलू किसान इन दिनों पाल या पाला कहें गिरने की वजह से फफूंद रोग से परेशान हैं। यह रोग आलू के विकास को रोक देता है। यह रोग इसलिए भी खतरनाक है क्योंकि यह पूरे पौधे के अलग-अलग हिस्सों को अपनी चपेट में ले लेता है।

वहीं, घना कोहरा हुगली जिले के ग्रामीण इलाकों में किसानों के लिए एक बड़ी समस्या बनी हुई हैं। बेमौसम बारिश और बाढ़ के बाद अब भीषण कोहरा आलू की खेती को नुकसान पहुंचा रहा है। आरामबाग, तारकेश्वर, पुरशुरा और गोघाट जैसे इलाकों में किसानों को यह चिंता है कि कोहरे के कारण आलू की फसल प्रभावित हो सकती है और इससे उत्पादन में भारी कमी आएगी।

इस मौसम में भीषण कोहरे के कारण आलू के पौधे सूख सकते हैं, और अगर बारिश भी होती है तो फसल को काफी नुकसान हो सकता है। कीटों के प्रकोप से बचाने के लिए किसानों को अतिरिक्त खर्च भी करना पड़ रहा है, जो प्रति बीघा डेढ़ से दो हजार रुपए तक है। किसानों ने अपने खेती के लिए कर्ज लिया है, और यदि इस बार भी आलू की फसल अच्छी नहीं होती है तो उनके सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। किसानों इस चिंता को व्यक्त किया है। उनकी मांग है कि सरकार उनके साथ खड़ी रहे, अन्यथा उनका सब कुछ खत्म हो जाएगा। वर्तमान में, खुदरा बाजार में आलू की कीमतें, सामान्य आलू के लिए 25 रुपये प्रति किलो और चंद्रमुखी आलू के लिए 36 रुपये प्रति किलो हैं, लेकिन उत्पादन में कमी के कारण कीमतों में उतार-चढ़ाव की संभावना बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि उन्हें उनकी उपज के लायक कीमत नहीं मिलती। आलू की कच्ची फसल 2 माह 10 दिनों की होती है, पक्की फसल के मुकाबले कम खर्चीली, कम मेहनत वाली होती है। पक्की फसल के लिए किसानों को 4 माह तक मेहनत करनी पड़ती है और कीटनाशकों पर भी भारी खर्चा करना पड़ता है।

## मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने ब्रांड पहचान को दिया नया रूप

**कोलकाता, समाज्ञा :** मोतीलाल ओसवाल ग्रुप ने अपनी नई ब्रांड पहचान का अनावरण किया, जो ग्राहकों की बेहतरी और कंपनी की स्थायी विरासत को मजबूत करने पर केंद्रित है। कंपनी ने अपने नए लोगो का अनावरण किया। इस लोगो में ऑक्सफ़ोर्ड नीले रंग का उपयोग किया गया है, जो व्यावसायिकता, पोषित विरासत और विशेषज्ञता को दर्शाता है, जबकि आधुनिक टाइपफेस इसे गतिशील दुनिया के लिए प्रासंगिक बनाता है। इसकी नई पहचान एमओएफएसएल के मूल दर्शन: मजबूत रिसर्च, ठोस सलाह को जारी रखते हुए प्रगति का प्रतीक है। एमओएफएसएल के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ, मोतीलाल ओसवाल ने कहा, पिछले 37 वर्षों में हमने विश्वास और उत्कृष्टता की एक मजबूत विरासत बनाई है। हमारा नया लोगो हमारे निरंतर विकास और ग्राहकों के लिए वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण 'द वन एंड ओनली' का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने सबसे प्रतिष्ठित संस्करण 'द वन एंड ओनली' का अनावरण किया है। जो फैशन, संगीत और मनोरंजन का शानदार मिश्रण लेकर आएगा। इस वर्ष का टूर असाधारणता की सीमाओं को पार करेगा और युवाओं के लिए एक नया फैशन अनुभव प्रदान करेगा। फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया (एफडीसीआई) के साथ साझेदारी में यह टूर ग्लैमरस पहचान को और बढ़ावा देगा। टूर का उद्घाटन गुरुग्राम में प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर रोहित बल के शो से होगा। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, कार्तिक मोहिंद्रा ने कहा, यह टूर हमारे वैश्विक फैशन अनुभव को और विस्तारित करेगा, जो युवा उपभोक्ताओं के लिए प्रेरणादायक होगा। एफडीसीआई के चेयरमैन, सुनील सेठी ने इस साझेदारी को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि यह टूर देशभर में फैशन के बदलते रूप को दर्शाएगा।

# हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने पीआरएसआई नेशनल अवार्ड्स 2024 में सीएसआर श्रेणी में जीता पुरस्कार

**कोलकाता, समाज्ञा**






हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 2024 के नेशनल अवार्ड्स में 'बेस्ट प्राइवेट सेक्टर कंट्रिब्यूटिंग टू सीएसआर' श्रेणी में दूसरी रनर-अप की जगह हासिल की। यह अवार्ड हेरिटेज ग्रुप के लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि 2012 से लेकर अब तक लगातार 15 वर्षों से यह संस्थान इस प्रतिष्ठित सम्मान को प्राप्त कर रहा है। हेरिटेज के पीआर टीम के सदस्य पार्थ ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि हमें पीआरएसआई से इस सम्मान से नवाजा गया है। हम भविष्य में भी सीएसआर के क्षेत्र में अपना योगदान जारी रखेंगे। वहीं, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के सीईओ, पी.के. अग्रवाल ने कहा, हम पीआरएसआई के आभारी हैं जिन्होंने हमारे प्रयासों को पहचाना और सम्मानित किया।

# मालदह में सबित्री मित्रा की कार पर हमला, तृणमूल विधायक बाल-बाल बचीं

**मालदह :** मालदह की तृणमूल विधायक सबित्री मित्रा की कार पर शनिवार रात धरमपुर के पास हमला हुआ। आरोप है कि एक अन्य गाड़ी ने लगातार विधायक की कार को टक्कर मारने की कोशिश की। सबित्री की शिकायत पर पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, शनिवार शाम विधायक माणिकचक में एमएलए कप के फाइनल मैच की तैयारी का जायजा लेने के लिए एंनायतपुर आई थीं। मीटिंग खत्म कर वे रात साढ़े 9 बजे मालदह शहर के सदरघाट स्थित अपने घर लौट रही थीं। रास्ते में धरमपुर के पास अचानक एक गाड़ी ने उनकी कार को टक्कर मारी और भागने की कोशिश की। चालक की तत्परता से टक्कर संभाल ली गई, लेकिन कुछ देर बाद संदिग्ध गाड़ी ने फिर से विधायक की कार का पीछा करना शुरू कर दिया। इस घटना से घबराई हुई विधायक ने अपनी कार को एक भीड़-भाड़ वाली जगह पर रोककर मणिकचक थाने में सूचना दी। मीडिया से बात करते हुए विधायक ने कहा कि यह हमला हत्या की कोशिश के उद्देश्य से किया गया था। शिकायत के आधार पर मालदह पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है और संदिग्ध गाड़ी की तलाश के लिए अभियान चलाया गया है।

# श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में समाजसेवी बनवारीलाल सोती ने बहुआयामी सभागृह सेवा कार्यों को समर्पित किया




**कोलकाता :** श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल में श्रद्धेय केसर देवी सोती की स्मृति में उनके सुपुत्र समाजसेवी बनवारी लाल - सत्यभामा सोती द्वारा नव - निर्मित बहुआयामी सभागृह के उद्घाटन समारोह में अतिथियों एवम् हॉस्पिटल प्रबंधन ने सोती परिवार द्वारा निरन्तर प्रदत्त सहयोग की सराहना की। हॉस्पिटल के उपाध्यक्ष श्यामसुंदर बड़वेवाला (अग्रवाल) ने स्वागत भाषण में अतिथियों का स्वागत किया। विधायक विवेक गुप्ता ने देवी सरस्वती पूजा की शुभकामना देते हुए धन (लक्ष्मी) का सदुपयोग परोपकार, सेवा कार्यों में करते हुए मानव सेवा की प्रेरणा दी। हॉस्पिटल के सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल ने अध्यक्ष बनवारीलाल सोती के व्यक्तित्व - कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके दीर्घायु जीवन की शुभकामना दी। उन्होंने नए ऑक्सीजन प्लांट, स्मार्ट आई सी यू, सीटी स्कैन, सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय के सहयोग से अग्नि सुरक्षा, डायलिसिस, अत्याधुनिक डेंटल विभाग, डिजिटल एक्स रे एवम् सभी विभागों की प्रगति की जानकारी दी। प्रमुख अतिथि सुरेश बंसल, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेन्द्र सिंह, सुशील ओझा, जगमोहन बागला ने हॉस्पिटल की स्थापना से 111 वर्षों में सेवा कार्यों में सक्रिय योगदान प्रदान करने वाले पदाधिकारियों, डॉक्टर्स, मेडिकल स्टाफ की सराहना की। सुशील ओझा ने कहा शिक्षा, चिकित्सा, गोसंरक्षण, परोपकार, मानव सेवा के लिये समाजसेवी बनवारीलाल सोती का व्यक्तित्व, कृतित्व प्रेरक है। अतिथियों ने हॉस्पिटल के अध्यक्ष बनवारीलाल सोती, सचिव सुरेन्द्र अग्रवाल के मार्गदर्शन में श्री विशुद्धानंद हॉस्पिटल की निरन्तर प्रगति के लिये शुभकामना दी। भगवान श्रीगणेश, देवी लक्ष्मी, देवी सरस्वती के संगम पर प्रेरक वक्तव्य से कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए बनवारीलाल सोती ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन दीपक बंका ने किया। त्रिलोचन - विशाखा सोती, पार्षद महेश शर्मा, रीता चौधरी, विप्र फाउंडेशन - ब्राह्मण समाज के किशन गोस्वामी, अनुपम शर्मा, सज्जन झिकनाडिया, चांद रतन लखानी, रामकिशन चोटिया, स्वयं प्रकाश पुरोहित एवम् अतिथियों का स्वागत हेमचंद अग्रवाल, गिरधारीलाल मस्करा, बलदेव केडिया, राधेश्याम सोनी, मनोज पराशर, विष्णु शर्मा, अनिल चौधरी, दयानंद सोनी, सुरेश बेरीवाल पवन फतेहपुरिया, निर्मल केडिया, घीसाराम गोयल, विष्णु मस्करा, विनोद जालान, राजकुमार व्यास, संदीप गर्ग, नरेन्द्र बागड़ी, नीरज खेतान एवम् कार्यकर्ताओं ने किया। निष्काम सेवा गीत की प्रस्तुति से सत्यनारायण तिवाड़ी ने भाव विभोर किया।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भाजपा मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बेईमानी पर उतारू है : अखिलेश यादव

**लखनऊ :** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने रविवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में बेईमानी पर उतारू है। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान में अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार मिल्कीपुर में हर तरह की साजिश कर रही है तथा प्रशासन द्वारा कोटेदारों और प्रधानों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने दावा किया, ''मिल्कीपुर में जनता समाजवादी पार्टी के साथ है। जनता समाजवादी पार्टी को जिताने को तैयार है, लेकिन सरकार के दबाव में प्रशासन समाजवादी पार्टी को हराना चाहता है।'' यादव ने आरोप लगाया, ''भाजपा सबसे बड़ी बेईमान और झूठी पार्टी है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान दोनो का तिरस्कार कर रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर झूठे और फर्जी मुकदमे लगवाकर उन्हें परेशान कर रही है। भाजपा सरकार का रवैया तानाशाहीपूर्ण है।''

### राजस्थान के कई इलाकों में बारिश होने का अनुमान

**जयपुर :** राजस्थान के कई हिस्सों में एक नये पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से अगले दो दिन बारिश होने का अनुमान है। यह जानकारी मौसम विभाग ने दी। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के कुछ भागों में एक नया पश्चिमी विक्षोभ तीन व चार फरवरी के दौरान सक्रिय होने की संभावना है। विभाग के अनुसार इस दौरान पूर्वी व उत्तरी राजस्थान में कहीं कहीं वर्षा होने की संभावना है। वहीं बीते चौबीस घंटे में राज्य में निम्नतम न्यूनतम तापमान लूणकरणसर में 4.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### मैनपुरी में छह वर्ष की एक बच्ची से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा

**मैनपुरी (उप्र) :** मैनपुरी जिले की एक विशेष अदालत ने छह साल की एक नाबालिग बच्ची से बलात्कार के जुर्म में एक व्यक्ति को 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और उसपर 50,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। एक सरकारी अधिवक्ता ने रविवार को यह जानकारी दी। शासकीय अधिवक्ता विपिन चतुर्वेदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शनिवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (पाक्सो अधिनियम) चेतना चौहान ने सुनवाई पूरी करने के बाद आरोपी शनि उर्फ सन्नू को दोषी ठहराया और 20 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई।

### सोनभद्र में ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत, तीन अन्य गंभीर रूप से घायल

**सोनभद्र (उप्र) :** सोनभद्र जिले के हाथीनाला थाना अंतर्गत ग्राम रानीताली में रविवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गयी तथा तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक कुमार मीणा ने बताया कि रविवार शाम लगभग 7:30 बजे वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर स्थित ग्राम रानीताली में एक ट्रक डिवाइडर पार कर विपरीत लेन में चला गया और छत्तीसगढ़ से राबर्ट्सगंज की तरफ से आ रही एक कार से टकरा गया। उन्होंने बताया कि हादसे में कार सवार चार लोग एवं ट्रक चालक तथा एक अन्य वाहन के चालक की मौत हो गई, जो सड़क पार कर रहा था। हादसे में दो महिलाओं समेत तीन लोग घायल हो गए।

### भदोही में दो अलग हादसों में बीटेक छात्र और छह वर्षीय बच्चे समेत दो की मौत, 11 अन्य घायल

**भदोही (उप्र) :** भदोही जिला मुख्यालय के शहर कोतवाली इलाके में मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद दो कार बेकाबू होकर दो मकानों में घुस गई, जिससे एक बीटेक छात्र की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। जिले के गोपीगंज थानाक्षेत्र में महाकुम्भ के श्रद्धालुओं को ले जा रही गाड़ी की आगे चल रही रही एक अन्य वाहन से टक्कर हो जाने से एक बच्चे की घटना स्थल पर मौत हो गई जबकि सात अन्य घायल हो गए।

# सपा सनातन विरोधी पार्टी है, उसे 'गाजी और पाजी' प्यारे हैं : योगी आदित्यनाथ

**अयोध्या(उप्र) :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को समाजवादी पार्टी(सपा) पर जोरदार हमला करते हुए उसे ''सनातन विरोधी'' करार दिया और आरोप लगाया कि इसे सिर्फ ''गाजी'' और ''पाजी'' ही प्यारे हैं। आदित्यनाथ ने मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी चंद्रभान पासवान के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए इसे (उप-चुनाव को) ''राष्ट्रवाद बनाम परिवारवाद'' का चुनाव करार दिया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया, ''समाजवादी पार्टी(सपा) सनातन धर्म विरोधी है। वह सामाजिक न्याय के पुरोधाओं और महापुरुषों की विरोधी है। यह भारत विरोधी तत्वों और माफिया को गले लगाती है।''



उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सपा के लोगों का पेशा ही अपराध करना, गुंडागर्दी करना, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा में सेंध लगाना है। उन्होंने दावा किया कि इनका तो नारा ही था कि ''समाजवादियों का नारा है, खाली प्लॉट हमारा है।'' उन्होंने कहा, ''समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष (अखिलेश यादव) के पिछले दो महीनों के ट्वीट (एक्स पर की गयी पोस्ट) को देखिये। उन्होंने इस दौरान जितने भी वक्तव्य दिए हैं, वे इस सदी के सबसे बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ का विरोध करते हुए दिए हैं।'' आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ में दुनिया भर के लोग आकर अभिभूत हो रहे हैं लेकिन पीड़ा सपा को हो रही है। उन्होंने कहा, ''जिस चीज से सनातन धर्म का गौरव बढ़ता हो, जिससे हर भारतीय का सीना चौड़ा होता हो, जिससे हर व्यक्ति अभिभूत होता हो, उससे समाजवादी पार्टी को पीड़ा होती है।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''यह वही समाजवादी पार्टी है जो बहराइच में महाराजा सुहेलदेव के स्मारक का विरोध करती है और कहती है कि इसे गाजी (सूफी संत सैयद सालार मसूद गाजी) का (स्मारक) होना चाहिए...उन्हें गाजी और पाजी (अराजक तत्व) प्यारे हैं।''

## बसंत पंचमी पर अयोध्या में भारी भीड़, 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आमद

**अयोध्या, (उप्र) :** भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में बसंत पंचमी पर भक्तों की भारी भीड़ देखी गयी। आधिकारिक अनुमान के अनुसार इस मौके पर 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आमद हुई। अधिकारियों को उम्मीद है कि 26 फरवरी को कुंभ मेले के समापन तक इसी तरह की आमद जारी रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि बसंत पंचमी का पर्व सोमवार तक चलेगा, जिसमें सरयू नदी में पवित्र स्नान करने और हनुमानगढ़ी एवं राम मंदिर में पूजा करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहेगा। उनके अनुसार इसके साथ ही, प्रयागराज कुंभ से लौटने वाले तीर्थयात्रियों के लगातार प्रवाह ने भीड़ को और बढ़ा दिया है। अधिकारियों के मुताबिक इस बीच अयोध्या में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गयी हैं। सुचारू आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए



यातायात परिवर्तन लागू किया गया है। स्थिति का आकलन करने के लिए अयोध्या मंडल के आयुक्त गौरव दयाल और परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने जन्मभूमि पथ और राम मंदिर के तीर्थयात्री सुविधा केंद्र की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि गर्भगृह की क्षमता सीमित है, इसलिए एक विनियमित प्रवेश प्रणाली की आवश्यकता है। भीड़ को प्रबंधित करने के लिए, सात से अधिक कतारें लगाई गई हैं, दर्शन के घंटे बढ़ा दिए गए हैं और अधिक आगंतुकों को समायोजित करने के लिए आरती की अवधि कम कर दी गई है। आयुक्त दयाल ने आश्वासन दिया कि भक्तों के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे वे रामलला की एक झलक पा सकें और बिना किसी देरी के आगे बढ़ सकें।

## किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राजस्थान सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए सरकार ने खेती की दो प्रमुख जरूरतों बिजली एवं पानी पर विशेष ध्यान दिया है। मुख्यमंत्री करौली जिले के कैमरी में भगवान जगदीश जी के लक्खी मेले तथा किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुताबिक देश में चार ही जातियां- किसान, मजदूर, युवा एवं महिला हैं तथा इन चारों जातियों के उत्थान से ही देश-प्रदेश का उत्थान होगा। उन्होंने कहा ,'' किसानों को समृद्ध और खुशहाल बनाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। इसके लिए हमने सरकार का गठन होते ही कृषि के लिए दो प्रमुख आवश्यकताओं बिजली और पानी पर विशेष ध्यान दिया है।'' शर्मा ने कहा,'' विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण करते हुए हम आस्था धामों के विकास के लिए भी कार्य कर रहे हैं। प्रदेश के विभिन्न मंदिरों के जीर्णोद्धार और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता से काम किया जा रहा है।'' आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 100 करोड़ रुपये की लागत से खाटूश्याम मंदिर में विकास काम करवा रही है तथा पूंछरी का लौठा को भी विकसित किया जा रहा है।

## महाकुंभ में हुआ इजराइली और भारतीय आध्यात्मिक संगीत का अद्भुत संगम

**महाकुंभ नगर :** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला में रविवार की शाम भारत और इजराइल के प्रसिद्ध आध्यात्मिक संगीतकारों के गीत संगीत का संगम देखने को मिला। वाराणसी के शक्तिधाम आश्रम द्वारा आयोजित किए गए 'लव यूनाइट्स' कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय संगीत, पवित्र मंत्रों के उच्चारण और हिब्रू आध्यात्मिक श्लोकों की ध्वनि ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध संगीतकार संदीप मिश्रा, अमित मिश्रा, नारायण ज्योति, यारोन पीर और माया बेटनर ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस भव्य कार्यक्रम में वाराणसी से आए दो प्रसिद्ध शास्त्रीय



संगीतकारों ने पारंपरिक भारतीय वाद्ययंत्रों पर अपनी प्रस्तुति दी और एक प्रसिद्ध संगीतकार ने भारतीय संगीत और मंत्रों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा इजराइल से आए दो संगीतकारों ने भी प्रस्तुति दी। इजराइल की गायिका और संगीतकार माया बैटनर ने कहा, ''यह आयोजन पश्चिम एशिया में शांति के लिए एक प्रार्थना के रूप में कार्य करता है और भारत के साथ इजराइल के संबंधों की प्रगाढ़ता व्यक्त करता है।''

## न्यूज अपडेट

### झारखंड देश के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन बजट में इसके लिए कुछ नहीं : सोरेन

**चाईबासा :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार की आलोचना करते हुए रविवार को कहा कि राज्य अपने खनिज संसाधनों के जरिये देश के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन केंद्रीय बजट में राज्य और इसकी जनजातीय आबादी के लिए कुछ भी नहीं है। सोरेन ने यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए कहा कि वह झारखंड के अधिकारों को सुरक्षित करने के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''झारखंड अपने खनिज संसाधनों के जरिये देश के खजाने में महत्वपूर्ण योगदान देता है, लेकिन बजट में इस राज्य के लिए कुछ भी नहीं है। हमारे आदिवासी लोगों के लिए कुछ भी नहीं है।'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 315.28 करोड़ रुपये की लागत वाली 178 परियोजनाओं का शिलान्यास और 96.97 करोड़ रुपये की लागत वाली 68 परियोजनाओं का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, ''हम अब एक ऐसी प्रणाली विकसित कर रहे हैं, जिसके तहत ब्लॉक और जिला अधिकारी ग्रामीण लोगों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे।''

### रेलवे क्रॉसिंग पर गार्डर गिरने से लखनऊ-वाराणसी मार्ग पर डेढ़ घंटे तक बाधित रहा यातायात

**सुलतानपुर (उप्र) :** सुलतानपुर जिले में लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर रविवार सुबह एक बड़ी दुर्घटना होते-होते टल गई। हनुमानगंज रेलवे क्रॉसिंग पर एक ट्रक से रेलवे पुल के निर्माण के लिये ले जाये



जा रहे आठ गार्डर पटरी पर गिर गए। स्टेशन अधीक्षक एस एस मीणा ने बताया कि सुबह वाराणसी की ओर जा रहा एक ट्रक जब रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचा तभी उसकी जंजीर टूट गई और उस पर लदे आठ गार्डर पटरी पर गिर गये, फलस्वरूप रेल और सड़क दोनों ही यातायात प्रभावित हुए। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही रेलवे अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए 'अप लाइन' की गाड़ियों को 'डाउन लाइन' से गुजारने की व्यवस्था की तथा वाराणसी जा रही मालगाड़ी को आधे घंटे तक 'आउटर' पर रोका गया। मीणा के मुताबिक इसके अलावा वाराणसी-लखनऊ शटल एक्सप्रेस को 20 मिनट तक रोककर 'डाउन लाइन' से भेजा गया। शिवनगर-उतरौटिया मेमू को भी पखरौली में आधे घंटे रोककर 'डाउन ट्रैक' से सुलतानपुर भेजा गया। कुल मिलाकर इस हादसे में तीन ट्रेन सहित छह रेलगाड़ियां प्रभावित हुईं। मीणा ने बताया कि रेलवे और देहात कोतवाली पुलिस की निगरानी में क्रेन की मदद से गिरे हुए गार्डर को हटाया गया। उनके अनुसार करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद रेलवे लाइन को साफ किया गया और सुरक्षा जांच के बाद यातायात बहाल हुआ।

### दिल्ली में आठ फरवरी को झूठ की दुकान में ताला लग जाएगा: नायब सिंह सैनी

बुलंदशहर (उप्र) : हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दिल्ली में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वहां आठ तारीख को भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है और झूठ की जो दुकान खुली हुई थी, उस पर ताला लग जाएगा। बुलंदशहर और हापुड़ की सीमा छिजारसी में राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र सिंह नागर के एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए सैनी ने आप पर प्रहार करते हुए कहा कि कि वहां (दिल्ली) पिछले दस वर्षों से झूठ की जो दुकान खुली थी, उस पर ताला लग जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री ने दिल्ली की आप सरकार पर आरोप लगाया, उसने जो वादे वहां के लोगों से किए थे, वो खाली वादे ही रहे। उनपर काम नहीं हुआ। उन्होंने अपने लिए काम किया है, जनता के लिए कोई काम नहीं किया। सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों को आज भी पीने को गंदा पानी मिल रहा है, भूमिगत नालियों से गंदा पानी बाहर आ रहा है। उन्होंने कहा कि गलियों में गंदे पानी से गुजरकर आना-जाना पड़ता है, वहां के नाले जाम हैं।

## बसंत पंचमी पर 1200 से अधिक चिकित्साकर्मी सेवा के लिए तैयार

**महाकुंभ नगर :** बसंत पंचमी के अमृत स्नान को लेकर पूरे प्रयागराज मंडल के चिकित्सकों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महाकुंभ नगर के साथ ही शहर और मंडल के सभी डॉक्टर किसी भी स्थिति से निपटने को सजग रहेंगे। सरकार ने एक बयान में कहा कि 1200 से अधिक चिकित्साकर्मी महाकुंभ नगर में पूरी तरह से तैयार हैं जो पलक झपकते ही श्रद्धालुओं की सेवा के लिए हाजिर होंगे। इसके अलावा मेले में ही सारे चिकित्साकर्मी मुस्तैद रहेंगे, जो छह फरवरी के बाद ही यहां से जाएंगे। जरूरत के हिसाब से 'बैकअप प्लान' भी तैयार कर लिया गया है। महाकुंभ नगर में रविवार को चिकित्सकों की चार सदस्यीय विशेष टीम ने मेले में एक-एक अस्पताल की जांच की और साथ ही मेला क्षेत्र में बने सेक्टर अस्पतालों में दवा के स्टॉक और मशीनें भी देखीं। इस टीम में चिकित्सा व्यवस्था के नोडल अधिकारी उमाकांत सान्याल, केंद्रीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर मनोज कौशिक, सह नोडल अधिकारी (चिकित्सा व्यवस्था) डाक्टर राम सिंह और महाकुंभ मेला के नोडल अधिकारी (चिकित्सा स्थापना) डॉक्टर गौरव दुबे शामिल हैं।

### बसंत पंचमी पर श्रद्धालुओं के लिए रोडवेज ने विशेष बसें चलाईं

उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर लगे आस्था के जन समागम में बसंत पंचमी स्नान पर्व के लिए शटल और आरक्षित बसें लगाई हैं। प्रदेश सरकार ने एक बयान में कहा कि महाकुंभ में दो फरवरी की शाम तक करीब 35 करोड़ श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी में डुबकी लगा ली है। उप्र रोडवेज ने बसंत पंचमी के स्नान पर्व में आगंतुकों की वापसी के लिए 2500 बसें अलग से आरक्षित कर ली हैं। महाकुंभ क्षेत्र से चार अस्थाई बस स्टेशन पहुंच रहे आगंतुकों के लिए हर 15 मिनट में रोडवेज बस मिलेगी।

## रक्षा क्षेत्र पर अधिक खर्च करना महत्वपूर्ण है: शशि थरूर

**जयपुर :** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने रविवार को कहा कि वह केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा रक्षा क्षेत्र को समर्पित करने संबंधी केंद्र के फैसले का समर्थन करते हैं, क्योंकि इससे यह संदेश जाएगा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है और इसे हल्के में नहीं किया जा सकता। जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) के दौरान मीडिया से बात करते हुए थरूर ने कहा कि भारत-चीन सीमा पर जो कुछ हुआ, उसे दोहराया नहीं जाना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए रक्षा पर धन खर्च करना महत्वपूर्ण है। तिरुवनंतपुरम से सांसद ने कहा, ''मुझे लगता है कि भारत की सुरक्षा पर पैसा खर्च करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम युद्ध छेड़ने के लिए रक्षा बजट पर खर्च नहीं करते, बल्कि



हम ऐसा इसलिए करते हैं ताकि दूसरे देश यह न सोचें कि हम कमजोर हैं और वे हमारे खिलाफ कोई अनुचित कदम उठा सकते हैं।'' उन्होंने कहा, ''चीन की सीमा पर जो हुआ, वह फिर कभी नहीं होना चाहिए। हमें बहुत मजबूत होना होगा और उन्हें यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि हम मजबूत हैं और हमारे साथ खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। इसलिए रक्षा बजट पर खर्च करना महत्वपूर्ण है। मैं इसके खिलाफ नहीं हूं।''

## मांझी ने बिहार चुनाव में अपनी पार्टी के लिए 20 से अधिक सीट मांगी

**जहानाबाद/पटना :** केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) इस साल के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव में 20 से अधिक सीट की मांग करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने यहां पत्रकारों से बातचीत के दौरान यह बात कही। वह अपनी पार्टी के एक समारोह को संबोधित करने यहां आये थे। मांझी (80) ने चार विधायकों वाली अपनी पार्टी हम के बारे में कहा, '' वे हम के ढांचे को मजबूत कर रहे हैं, जिससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ-साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भी मदद मिलेगी।'' हम के एकमात्र सांसद मांझी ने हाल के उनके बयान के बारे में पूछे जाने पर कहा,'' हमें चुनाव में 20 से अधिक सीट की



आवश्यकता है। हम एक परिवार हैं। अगर हमारे हिस्से में चार रोटियां हैं और हमें सिर्फ़ एक दी जाती है, तो हम चुपचाप कोने में नहीं खड़े रहेंगे।'' हाल में मांझी ने लोगों से किए गए वादों को पूरा करने के लिए अपनी पार्टी के 20 विधायकों की आवश्यकता जताई थी।

## संभल में सरकारी तालाब पर बने अवैध मजार को हटाया

**संभल (उप्र) :** संभल जिले की चंदौसी तहसील में एक सरकारी तालाब पर बनी अवैध मजार को रविवार को प्रशासन ने हटा दिया और सरकारी तालाब को अतिक्रमण से मुक्त कराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चंदौसी के तहसीलदार धीरेंद्र सिंह ने



बताया कि शनिवार को जिलाधिकारी से एक शिकायत की गई थी, जिसमें बताया गया था कि मई और चंदौसी गांवों की सीमा पर एक सरकारी तालाब है और उसपर निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। तहसीलदार के अनुसार शिकायत में कहा गया था कि इस पर एक मजार है और कुछ विशेष दिनों पर तांत्रिक अनुष्ठान भी किये जाते हैं। सिंह ने बताया कि रविवार को राजस्व टीम ने जांच में पाया कि यह मजार सरकारी तालाब पर है और उसका उपयोग धार्मिक उद्देश्य के लिए किया जा रहा है, जो गलत है। सिंह ने कहा कि इस संबंध में मापी की गई और टीम ने उक्त सरकारी तालाब से अवैध रूप से बनाए गए मजार को हटा दिया। तहसीलदार ने कहा कि अब इस तालाब के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। शिकायतकर्ता राष्ट्रीय सनातन महासंघ के अध्यक्ष कौशल किशोर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''कल मैंने चंदौसी में तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी से शिकायत की थी कि चंदौसी कोतवाली क्षेत्र में गुलदहरा रोड पर सरकारी तालाब पर मोहम्मद जान नाम के एक व्यक्ति ने अवैध धर्मस्थल का निर्माण कराया है और वहां काला जादू कर रहा था, इस पर आज राजस्व टीम ने क्षेत्र की पैमाइश कर उक्त अवैध धर्मस्थल का अतिक्रमण हटा दिया।''

## राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग महाकुंभ में प्रदेश सरकार की व्यवस्था की कर रहे निंदा: स्वामी अवधेशानंद गिरि

**लखनऊ/महाकुंभ नगर :** जूना अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि ने रविवार को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की व्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा और कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग महाकुंभ में प्रदेश सरकार की व्यवस्था की निंदा कर रहे हैं। स्वामी अवधेशानंद ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''राजनीतिक विद्वेष रखकर भारतीय संस्कृति के उच्चतम आध्यात्मिक प्रतिमानों की जीवन्त अभिव्यक्ति कुम्भ के आध्यात्मिक वैशिष्ट्य को अनुभूत नहीं किया जा सकता।'' उन्होंने लिखा, ''राजनीतिक लाभ के लिए कुछ लोग महाकुम्भ-2025



प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की निन्दा कर रहे हैं, जो सर्वथा राजनीतिक स्वार्थ से प्रेरित है।'' उन्होंने 29 जनवरी को हुए हादसे के संदर्भ में कहा, ''मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में एकत्रित भारी भीड़ के कारण अखाड़ा परिषद और सभी प्रमुख सन्तों ने सांकेतिक स्नान का निर्णय लिया था, किन्तु उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री गोरक्षपीठाधीश्वर पूज्य श्री योगी आदित्यनाथ जी की भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों के प्रति निष्ठा और प्रशासन के श्रेष्ठ प्रबन्धन के कारण सभी अखाड़े और पूज्य सन्त अमृत-स्नान कर सके।'' महाकुंभ में 29 जनवरी को तड़के मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गयी और 60 अन्य घायल हो गए। इस हादसे को लेकर विपक्षी राजनीतिक दल और कुछ संत राज्य सरकार की आलोचना कर रहे हैं। जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर ने महाकुंभ में बेहतर व्यवस्थाओं के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और शासन-प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार जताया।

उन्होंने कहा, ''मौनी अमावस्या के बाद बसंत पंचमी के अवसर पर आयोजित 'अमृत-स्नान' में सभी अखाड़े पूर्व निर्धारित क्रमानुसार सम्मिलित होंगे। महाकुम्भ के अद्भुत अलौकिक व्यवस्था से हम सभी अत्यन्त हर्षित एवं गौरवान्वित हैं।''

## दलित युवती हत्याकांड:पत्रकारों के सामने रोए सपा सांसद अवधेश प्रसाद,योगी ने इसे सांसद की नौटंकी बताया



**अयोध्या (उप्र) :** फैजाबाद (अयोध्या) से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद अवधेश प्रसाद रविवार को एक दलित युवती की कथित नृशंस हत्या के बारे में बोलते हुए पत्रकारों के सामने रो पड़े, लेकिन उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सांसद की नौटंकी करार दिया। मुख्यमंत्री योगी ने दावा किया कि इस मामले में सपा का कोई न कोई दरिंदा जरूर शामिल होगा। अयोध्या जिले में पुलिस ने अनुसूचित जाति (एससी) की लापता 22 वर्षीय युवती का शनिवार को निर्वस्त्र शव बरामद किया, जिसकी बेरहमी से हत्या कर आंखें निकाल ली गई थीं। परिवार के सदस्यों ने हत्या से पहले बलात्कार का आरोप लगाया और दावा किया कि पीड़िता की आंखें फोड़ दी गईं, उसकी हड्डियां तोड़ दी गईं और उसके शरीर पर गहरे घाव थे। घटना के बारे में जानने के बाद अवधेश प्रसाद पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पीड़िता के घर पहुंचे। भावनाओं में बहकर वह पत्रकारों के सामने रोते हुए बोले, ''मैं उसे बचाने में असफल रहा।'' उनके सहकर्मियों ने उन्हें सांत्वना दी और उनसे मजबूत बने रहने और न्याय के लिए लड़ने का आग्रह किया।

### सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना फिर न हो: दलित युवती प्रकरण पर मायावती ने कहा

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने रविवार को अयोध्या में दलित युवती की नृशंस हत्या का मामला उठाते हुए अपील की है कि सरकार सख्त कदम उठाये, ताकि ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। मायावती ने रविवार को एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश में अयोध्या जिले के सहनवां में दलित परिवार की बेटी का शव निर्वस्त्र अवस्था में मिला है। उसकी दोनों आंखें फोड़ दी गई हैं तथा अमानवीय व्यवहार भी हुआ है। मायावती ने कहा, यह बेहद दुःखद एवं अति गम्भीर मामला है।

# अभिषेक के रिकॉर्ड शतक से भारत ने इंग्लैंड को 150 रन से हराकर श्रृंखला 4-1 से जीती




**मुंबई :** आक्रामक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की 54 गेंद में 135 रन की पारी के दम पर भारत ने पांचवें और अंतिम मैच टी20 अंतरराष्ट्रीय में रविवार को यहां इंग्लैंड को 150 रन के बड़े अंतर से हरा दिया। 'प्लेयर ऑफ द मैच' अभिषेक ने बल्ले कमाल करने के बाद एक ओवर में तीन रन देकर दो विकेट भी झटके। भारत ने नौ विकेट पर 247 रन बनाने के बाद इंग्लैंड की पारी को 10.3 ओवर में 97 रन पर समेट कर श्रृंखला को 4-1 से अपने नाम किया। भारत की 150 रन की यह जीत अब टी20 अंतरराष्ट्रीय में रनों के अंतर से उसकी दूसरी सबसे बड़ी जीत है। टीम ने इससे पहले 2023 में न्यूजीलैंड को 168 रनों से हराया था। अभिषेक ने इस दौरान टी20 में किसी भारतीय बल्लेबाज का दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा। वह इसके साथ ही इस प्रारूप में भारत के लिए सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गये। अभिषेक ने क्रीज पर आते ही मैदान के चारों ओर चौके-छक्के की झड़ी लगाकर इंग्लैंड के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया। यह 24 साल का खिलाड़ी किसी भारतीय बल्लेबाज के रूप में सबसे तेज टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक (35 गेंद) के रोहित शर्मा के रिकॉर्ड को तोड़ने की ओर बढ़ रहा था लेकिन वह दो गेंद से चूक गए। उन्होंने 37 गेंदों अपना शतक पूरा किया। उन्होंने इससे पहले 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था, जो किसी भारतीय के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक हालांकि टी20 पारी में किसी भारतीय द्वारा सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जब उन्होंने 17वें ओवर में ब्रायडन कार्स (38 रन पर तीन विकेट) के खिलाफ पारी का अपना 11वां छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये। उन्होंने इस दौरान सात चौके भी लगाये।यहइस प्रारूप में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2023 में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुभमन गिल के नाम था। उन्होंने नाबाद 126 रन बनाये थे। फिल साल्ट (23 गेंदों में सात चौकों और तीन छक्के की मदद से 55 रन) ने शुरुआत में आक्रामक पारी खेल इंग्लैंड को विशाल लक्ष्य का पीछा करने की राह पर बनाए रखा लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में टीम की बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह ढह गयी। उनके अलावा जैकोब बेथल (10) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके। बेन डकेट (शून्य), कप्तान जोस बटलर (सात), हैरी ब्रूक (दो) और लियाम लिविंगस्टोन (नौ) जैसे अनुभवी खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर कुल मिलाकर 18 रन जोड़े। टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों ने भी इसके बाद घुटने टेक दिये। अभिषेक ने अपने एकमात्र ओवर में कार्स (तीन) और जेमी ओवरटन (एक) को आउट कर भारत की जीत लगभग पक्की कर दी।

## अभिषेक शर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए जड़ा दूसरा सबसे तेज शतक




**मुंबई :** भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के आखिरी मुकाबले में रविवार को यहां 37 गेंद में अपना शतक पूरा किया। यह खेल के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक है। उन्होंने 54 गेंद की पारी में 135 रन बनाये। अभिषेक ने 11वें ओवर में ब्रायडनकार्स के खिलाफ एक रन चुराकर अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा शतक पूरा किया। भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड रोहित शर्मा के नाम है जिन्होंने श्रीलंका के खिलाफ इंदौर में 2017 में 35 गेंद में शतक पूरा किया था। उन्होंने इस मैच में 43 गेंद में 118 रन की पारी खेली थी। भारत ने इस मैच को 88 रन से जीता था। उन्होंने इससे पहले 17 गेंद में अर्धशतक पूरा किया था, जो किसी भारतीय के लिए दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। अभिषेक दो गेंद से रोहित शर्मा की बराबरी करने से चूक गये लेकिन वह भारत के लिए इस प्रारूप में सबसे बड़ी व्यक्तिगत पारी खेलने के साथ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गये। अभिषेक 17वें ओवर में कार्स के खिलाफ पारी का अपना 11वां छक्का लगाकर यह रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने अपनी पारी में 13 छक्के लगाये।

## न्यूज ब्रीफ

### श्रीहरि नटराज ने राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में पांचवां स्वर्ण पदक जीता

**हल्द्वानी :** पेरिस ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने रविवार को यहां 38वें राष्ट्रीय खेलों की तैराकी स्पर्धा में अपना पांचवां स्वर्ण जीतकर कर्नाटक के लिए बढ़त बनाई और टीम की साथी और 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु की बराबरी की जिन्होंने पांच पीले पदक जीते हैं। दिल्ली ने दिन में तैराकी पूल में दो स्वर्ण पदक जीतकर कर्नाटक के साथ बराबरी की। नटराज ने पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक में 56.26 सेकंड का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता और टीम के साथी आकाश (56.36) को पछाडा। महाराष्ट्र के ऋषभ ने 56.80 सेकंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। यह 24 वर्षीय नटराज का छठा पदक था, इससे पहले उन्होंने चार स्वर्ण पदक जीते थे- 200 मीटर फ्रीस्टाइल, 4100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले, 4100 मीटर फ्रीस्टाइल रिले मेडले और 4200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले - और एक रजत पदक 50 मीटर फ्रीस्टाइल में। कर्नाटक ने महिलाओं की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में दबदबा बनाय, जिसमें नीना ने 28.38 सेकंड में स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीनिधि 28.80 सेकंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं।

### भारोत्तोलक वैष्णव ने 102 किग्रा स्नैच का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा, जगदीश ने स्वर्ण पदक जीता

**देहरादून :** महाराष्ट्र के भारोत्त-ोलक वैष्णव ठाकुर ने पुरुषों के 102 किग्रा वर्ग में स्नैच रविवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया, लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा क्योंकि कुल भार में उन्हें सेना के जगदीश विश्वकर्मा ने पछाड़ दिया। जगदीश ने अपना क्लीन-एंड-जर्क प्रयास सिर्फ एक पैर पर खड़े रहकर पूरा किया। वैष्णव ने स्नैच वर्ग में 160 किग्रा वजन उठाया और 157 किग्रा के पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया जो कि जगदीश के नाम था। लेकिन 175 किग्रा के खराब क्लीन एवं जर्क प्रयास के कारण वैष्णव कुल भार (335 किग्रा) में दूसरे स्थान पर रहे। स्नैच में केवल 152 किग्रा वजन उठाने में सफल रहे जगदीश ने क्लीन एवं जर्क में 193 किग्रा वजन उठाकर कुल 345 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा के हर्षित सहरावत (329 किग्रा) ने कांस्य पदक जीता।

## मोदी, मांडविया, तेंदुलकर ने भारतीय महिला टीम की अंडर-19 विश्व कप खिताबी जीत की सराहना की



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया से लेकर महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने रविवार को कुआलालंपुर में अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में भारतीय टीम की खिताबी जीत की सराहना की। भारत ने एकतरफा फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार टूर्नामेंट जीता। प्रधानमंत्री 'एक्स' पर लिखा, 'हमारी नारी शक्ति पर बेहद गर्व है। आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप 2025 में विजयी होने पर भारतीय टीम को बधाई। यह जीत हमारे उत्कृष्ट 'टीम वर्क' के साथ-साथ दृढ़ संकल्प और धैर्य का परिणाम है। यह युवा खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी। टीम को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं।' खेल मंत्री मांडविया ने 'एक्स' पर लिखा, 'विश्व चैंपियन। हमारी अंडर 19 महिला क्रिकेट टीम को विश्व कप जीतने पर हार्दिक बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने देश को बेहद गौरवान्वित किया है। टीम के प्रत्येक सदस्य को शुभकामनाएं।' क्रिकेट के महानतम खिलाड़ियों में शामिल तेंदुलकर ने लिखा, 'पहले मैच से लेकर फाइनल तक हमारी टीम चैंपियन की तरह खेली। कोई भी जीत विशेष होती है लेकिन खिताब के बचाव के लिए कुछ असाधारण करना पड़ता है।' मास्टर ब्लास्टर ने लिखा, 'एक बार फिर अंडर-19 टी20 विश्व कप जीतने के लिए भारतीय टीम को बहुत-बहुत बधाई! इस टीम ने कई लोगों को प्रेरित किया है और भविष्य के लिए नए मानक स्थापित किए हैं। यह लड़कियों और महिला क्रिकेट के लिए बहुत खुशी की बात है।' भारत ने फाइनल तक अपनी यात्रा के दौरान हर टीम को लगभग एकतरफा अंदाज में हराया। फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 गेंद शेष रहते नौ विकेट से हराया।

### बीसीसीआई ने भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ के लिए पांच करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को कुआलालंपुर में अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप में खिताबी जीत के बाद भारतीय टीम और उसके सहयोगी स्टाफ के लिए पांच करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की। बोर्ड के शीर्ष पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि के लिए खिलाड़ियों की सराहना की। भारत ने एकतरफा फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर लगातार दूसरी बार पुरस्कार जीता। इससे पहले उसने पहले चरण में भी टूर्नामेंट जीता था।

### यह हमारा विश्वास है जिसने हमें एचआईएल जिताया: बंगाल टाइगर्स के कप्तान रूपिंदर

**कोलकाता :** कप्तान रूपिंदर पाल सिंह ने कहा कि श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने सबसे महत्वपूर्ण समय पर रक्षात्मक मजबूती और रणनीति को लागू करने की क्षमता का नजारा पेश किया जिससे टीम हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीतने में सफल रही। बंगाल की टीम ने हैदराबाद तूफान्स पर 4-3 की रोमांचक जीत हासिल करके हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया। रूपिंदर ने विज्ञप्ति में कहा, 'हमने सेमीफाइनल के बाद अपने डिफेंस को मजबूत करने के लिए सचेत प्रयास किया। फाइनल में अवसरों का लाभ उठाना आवश्यक था और हमने वही किया।' उन्होंने कहा, 'हमने अपनी पेनल्टी कॉर्नर रणनीतियों को बेहतर करने और अधिकतम समय तक गेंद को अपने कब्जे में बनाए रखने पर भी काम किया जिससे हमें खेल को अपने पक्ष में मोड़ने में मदद मिली।' बंगाल टाइगर्स की खिताब की राह आसान नहीं रही।

### आरेडिका में बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में चार दिवसीय तक बैडमिण्टन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में सिंगल एवं डबल मुकावले खेले गए इन मुकावलों में रेलवे के अधिकारी और कर्मचारी अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। डबल फाइनल मुकावले में आरपीएफ के इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार एवं आरपीएफ के मोहित दहिया विजेता रहे वहीं डिप्टी सीवीओ त्रिलोचन अन्थवाल तथा वर्क्सशॉप प्रबंधक कृष्ण किनकर उपविजेता रहे। सिंगल फाइनल मुकावले में टेक्नीशियन संतोष कुमार विजेता रहे वहीं डिप्टी सीवीओ त्रिलोचन अन्थवाल उपविजेता रहे। महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने सभी विजेता एवं उपविजेताओं को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आरेडिका खेल-कूद अधिकारी पद्मश्री एवं अर्जुन आवाड़ी सुश्री सुधा सिंह ने बताया कि इससे आरेडिका के खिलाड़ियों में खेलों के प्रति सकारात्मक ऊर्जा का संचार एवं खेलों के प्रति आकर्षण बढेगा, और खेलों के संबंध में गहन समझ का विकास होगा। ओलम्पिक जैसे खेलों में रेलवे के खिलाड़ियों के द्वारा विजय पताका फहरा कर देश को गौरवान्वित किया है इसलिए इन खेलों का महत्व और भी बढ़ जाता है। आरेडिका खेल-कूद संघ के अध्यक्ष बीएल मीना ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए उचित व्यवस्था की गयी है, जिससे खिलाडियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़े एवं निष्पक्ष प्रतियोगिता का सफल अयोजन हो सके।



## आयकर कानून की भाषा, संरचना, संभावित कराधान पर ज्यादा सुझाव मिले: सीबीडीटी प्रमुख



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने रविवार को कहा कि पुराने प्रत्यक्ष कर कानून की समीक्षा कर रही आयकर विभाग की आंतरिक समिति को कानून की भाषा सरल बनाने, प्रावधानों को बेहतर ढंग से पेश करने और संभावित कराधान जैसी योजनाओं का दायरा बढ़ाने के लिए 'बड़े पैमाने पर' सुझाव मिले हैं।अग्रवाल ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि समीक्षा पैनल ने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कुछ अन्य देशों में की गई इसी तरह की समीक्षा कार्रवाई से जुड़े विचार-विमर्श और प्रक्रियाओं का भी अध्ययन किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले साल के अपने बजट भाषण में आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा किए जाने की घोषणा की थी। इस समीक्षा का उद्देश्य इस भारी भरकम अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और समझने में आसान बनाना था ताकि कर विवादों में कमी आए और करदाताओं को अधिक कर निश्चितता मिले। इसके बाद आयकर विभाग की एक आंतरिक समिति बनाई गई जिसने जनता से चार श्रेणियों- भाषा का सरलीकरण, मुक़दमेबाजी में कमी, अनुपालन में कमी और अनावश्यक या अप्रचलित प्रावधान पर सुझाव आमंत्रित किए थे। समीक्षा समिति को विभिन्न हितधारकों से आयकर कानून में संशोधनों से जुड़े करीब 6,500 सुझाव मिले हैं। सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए अपने बजट भाषण में कहा कि सरकार आने वाले सप्ताह में संसद में नया आयकर विधेयक पेश करेगी, जो 1961 के आयकर कानून की जगह लेगा।

### कर कटौती के बाद 90 प्रतिशत से अधिक आयकरदाता अपना सकते हैं नई कर व्यवस्था: सीबीडीटी चेयरमैन

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के चेयरमैन रवि अग्रवाल ने रविवार को कहा कि 12 लाख रुपये तक की आय पर कर नहीं लगाने और सभी कर स्लैब में बदलाव की बजट घोषणा के बाद 90 प्रतिशत से अधिक व्यक्तिगत करदाता नई कर व्यवस्था को अपना सकते हैं। फिलहाल यह आंकड़ा लगभग 75 प्रतिशत है। अग्रवाल ने बजट के बाद पीटीआई-भाषा को दिए साक्षात्कार में कहा कि सरकार और आयकर विभाग का दर्शन एवं काम करने का तरीका देश में बिना हस्तक्षेप वाला कर प्रशासन सुनिश्चित करना है। नियमित मानव-आधारित खुफिया जानकारी जुटाने के अलावा कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का बेहतर ढंग से इस्तेमाल करके ऐसा किया जाता है। सीबीडीटी प्रमुख ने कहा कि एक आम करदाता के लिए अपनी आय बताने की उपलब्ध कर प्रक्रियाएं बहुत जटिल नहीं हैं। इसके लिए उन्होंने सरलीकृत आईटीआर-1, पहले से भरे आयकर रिटर्न, स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) की स्वचालित गणना का उदाहरण दिया।

### मांडविया ने 'गिग' कर्मचारियों पर केंद्रित परिवर्तनकारी कदमों के लिए बजट की सराहना की



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को श्रम कल्याण के लिए बजटीय आवंटन की सराहना करते हुए कहा कि गिग कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा एक परिवर्तनकारी कदम है। ई-कॉमर्स मंचों के लिए डिलिवरी आदि सेवाएं देने वाले अस्थायी कर्मचारियों को 'गिग वर्कर्स' कहा जाता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को ऑनलाइन मंच से जुड़े एक करोड़ गिग कर्मचारियों के लिए एक सामाजिक सुरक्षा योजना की घोषणा करते हुए कहा कि सरकार उन्हें पहचान पत्र प्रदान करेगी और ई-श्रम पोर्टल पर उनके पंजीकरण की सुविधा प्रदान करेगी। इस कदम से इन कर्मचारियों को विभिन्न सरकारी एजेंसियों द्वारा संचालित सामाजिक कल्याण योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### विनिर्माण मिशन के तहत गठित समिति मुद्दों पर विस्तार से विचार करेगी: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो कारोबार की लागत में कटौती, भविष्य के लिए तैयार कार्यबल तैयार करने तथा 'मेक इन इंडिया' पहल को और बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी की उपलब्धता जैसे मुद्दों पर विस्तृत जानकारी जुटाएगी। समिति में केंद्र, राज्य और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधि शामिल हो सकते हैं। यह समिति उन प्रमुख ध्यान वाले क्षेत्रों की पहचान करेगी, जो भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं और जहां घरेलू और विदेशी, दोनों बाजारों में मांग है। समिति भविष्य की रूपरेखा को लेकर भी सिफारिशें पेश करेगी। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, मिशन के तहत एक समिति गठित की जाएगी जो विस्तार से सभी मुद्दों की जांच करेगी, जैसे कि केंद्र और राज्यों की भूमिका। इसमें विभिन्न मंत्रालय, निजी क्षेत्र से लोग भी शामिल होंगे और वे उन क्षेत्रों के बारे में जानकारी देंगे जिनके पास भारत में बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी लाभ हैं और जिनमें निर्यात की संभावना है।

### बजट में पूरी तरह से तैयार औद्योगिक पार्कों की नई योजना के लिए 2,500 करोड़ रुपये आवंटित



**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट 2025-26 में पूरी तरह से तैयार औद्योगिक पार्क की एक नई योजना के लिए 2,500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। नई योजना पूर्ण बुनियादी ढांचे के साथ निवेश के लिए तैयार औद्योगिक पार्कों के विकास की सुविधा के लिए तैयार की गई है। वित्त मंत्री ने उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के लिए बजटीय आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की है। डीपीआईआईटी प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नीति, स्टार्टअप और विनिर्माण को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे देखता है। बजट दस्तावेजों के अनुसार, विभाग को आवंटन 2025-26 के लिए 64 प्रतिशत बढ़ाकर 13,145.06 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जबकि 2024-25 में इसका संशोधित अनुमान 8,011 करोड़ रुपये था। अगले वित्त वर्ष के लिए जिन खंडों में आवंटन बढ़ाया गया है उनमें बौद्धिक संपदा से संबंधित कार्य (321.34 करोड़ रुपये), फुटवियर (जूता-चप्पल), चमड़ा और सहायक उपकरण विकास कार्यक्रम (350 करोड़ रुपये), राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट (2,500 करोड़ रुपये), फंड ऑफ फंड्स 2.0 (2,000 करोड़ रुपये) और बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना (444.54 करोड़ रुपये) शामिल हैं। मंत्री ने राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन की घोषणा की है, जो 'मेक इन इंडिया' (भारत में बनाओ) को बढ़ावा देने को विनिर्माण क्षेत्र के लिए नीतिगत समर्थन, खाके के क्रियान्वयन, शासन और निगरानी ढांचा प्रदान करने के लिए एक नई योजना होगी। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के औद्योगिक विकास के लिए धनराशि को 2025-26 के लिए बढ़ाकर 300 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

## न्यूज अपडेट

### घर खरीदारों के संगठन ने कहा, समय पर परियोजनाएं पूरी नहीं करने वाले बिल्डरों पर लगे प्रतिबंध

**नयी दिल्ली :** घर खरीदारों के संगठन एफपीसीई ने रविवार को कहा कि रुकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये का नया कोष स्थापित करने की सरकार की बजट घोषणा से पीड़ित फ्लैट मालिकों को फायदा होगा। इसके साथ ही, एफपीसीई ने समय पर परियोजनाएं पूरी न करने वाले बिल्डरों को कोई भी नई परियोजना शुरू करने से प्रतिबंधित किए जाने की मांग भी की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए कहा कि अटकी आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने के लिए 15,000 करोड़ रुपये के 'स्वामी कोष-2' का गठन किया जाएगा। इससे एक लाख घरों का निर्माण पूरा करने में मदद मिलेगी।

### देश में बिजली खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट पर

**नयी दिल्ली :** देश में बिजली की खपत जनवरी में 2.7 प्रतिशत बढ़कर 137.49 अरब यूनिट (बीयू) रही है। इस दौरान सामान्य से अधिक तापमान के कारण हीटर और गीजर जैसे उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, इस साल जनवरी में देश का औसत तापमान 18.98 डिग्री सेल्सियस था, जो 1901 के बाद 1958 और 1990 को छोड़कर सबसे अधिक गर्म जनवरी का महीना रहा है।

### नीति आयोग, डीपीआईआईटी की सलाह से तय होंगे 'राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक': व्यय सचिव

**नयी दिल्ली :** व्यय सचिव मनोज गोविल ने रविवार को कहा कि वित्त मंत्रालय जल्द ही नीति आयोग और डीपीआईआईटी के परामर्श से 'राज्यों के निवेश अनुकूलता सूचकांक' से संबंधित मापदंडों पर फैसला करेगा। इसका उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा पैदा करना होगा। आम बजट 2025-26 में प्रतिस्पर्धी सहकारी संघवाद की भावना को आगे बढ़ाने के लिए 2025 में 'राज्यों का निवेश अनुकूलता सूचकांक' पेश करने की घोषणा की गई। यह सूचकांक राज्यों को नियमों की समीक्षा के लिए प्रेरित करेगा, ताकि यह पता लगाया जा सके कि निवेश को क्या रोक रहा है। गोविल ने पीटीआई-भाषा के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि केंद्र के स्तर पर कई नियमन और सुधार किए गए हैं लेकिन कुछ निवेशकों को लगता है कि राज्य के स्तर पर भी इसी तरह के सुधारों की आवश्यकता है।

### बजट में कुछ कच्चे माल पर शुल्क में कटौती से निर्यात, विनिर्माण बढ़ेगा: वाणिज्य मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** वाणिज्य मंत्रालय ने कहा है कि बजट में समुद्री उत्पाद, रसायन एवं महत्वपूर्ण खनिजों जैसे क्षेत्रों में कुछ कच्चे माल पर सीमा शुल्क घटाने से घरेलू विनिर्माण एवं निर्यात को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। मंत्रालय ने यह भी कहा कि मॉडल द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) को नया रूप देने की घोषणा से एफटीए (मुक्त व्यापार समझौता) वार्ता के दौरान बेहतर स्थिति पैदा होगी। फ्रोजेन मछली पेस्ट (सुरीमी) और जलीय चारे के लिए मछली हाइड्रोलाइजेट पर शुल्क घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। इन पर अभी तक लागू शुल्क क्रमश: 30 प्रतिशत और 15 प्रतिशत था। रसायन क्षेत्र में, पिरिमिडीन और पिपरेजीन यौगिकों पर शुल्क को मौजूदा 10 प्रतिशत से घटाकर 7.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

वर्ष 9, पूर्णांक 4138 अंक 288, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in